RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 149 • 20:09:2024 • शुक्रवार • मूल्य : 5/-

## केंद्र ने खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के विकास के लिए कई सुधार किए: प्रधानमंत्री

एजेंसी। नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि सरकार ने पिछले 10 वर्षों में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के विकास के लिए कई सुधार किए हैं। इसका मकसद यह सुनिश्चित करना है कि भारत खाद्य क्षेत्र में नवाचार, स्थिरता तथा सुरक्षा के वैश्विक मानक स्थापित करे। राजधानी नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित 'वर्ल्ड फूड इंडिया 2024' के पहले दिन प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी ने एक वीडियो संदेश में कहा कि सरकार प्रतिबद्ध है कि देश खाद्य क्षेत्र में नवाचार, स्थिरता और सुरक्षा के लिए वैश्विक मानक स्थापित करे। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में एक जीवंत और विविध खाद्य संस्कृति है। उन्होंने कहा कि किसान देश के खाद्य पारिस्थितिकी तंत्र की रीढ़ है। मोदी ने कहा कि सरकार नवीन नीतियों और केंद्रित कार्यान्वयन के साथ किसानों का समर्थन कर रही है। प्रधानमंत्री का ये वीडियो संदेश मेगा फूड इवेंट 'वर्ल्ड फूड इंडिया 2024' के तीसरे संस्करण के अवसर पर पढ़ा गया। यह कार्यक्रम 19 से लेकर 22 सितंबर तक राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में 90 से अधिक देश हिस्सा ले रहे हैं। प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि 'वर्ल्ड फूड इंडिया 2024' के आयोजन के बारे में जानकर खुशी हुई। दुनिया के विभिन्न हिस्सों से आए सभी प्रतिभागियों को बधाई और शुभकामनाएं। मोदी ने अपने संदेश के माध्यम से कहा कि पिछले 10 वर्षों के दौरान हमने खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को बदलने के लिए व्यापक सुधार पेश किए हैं। खाद्य प्रसंस्करण में शत प्रतिशत एफडीआई, प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना, सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों का औपचारिककरण, खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना जैसी बहुआयामी पहलों के माध्यम से हम पूरे देश में आधुनिक बुनियादी ढांचे, मजबूत आपूर्ति श्रृंखलाओं और रोजगार सृजन का एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र बना रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि हमारे विजन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा छोटे उद्यमों को सशक्त बनाना है। हम चाहते हैं कि हमारे सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) फलें-फूलें और वैश्विक मूल्य श्रृंखला का एक अभिन्न अंग बनें। इसके साथ ही महिलाओं को सूक्ष्म उद्यमी बनने के लिए प्रोत्साहित करें। ऐसे समय में वर्ल्ड फूड इंडिया हमारे लिए बी2बी इंटरैक्शन और प्रदर्शनियों, रिवर्स बायर-सेलर मीट और देश, राज्य और क्षेत्र-विशिष्ट सत्रों के माध्यम से दुनिया के साथ काम करने के लिए एक आदर्श मंच है। उन्होंने अपने संबोधन में आगे कहा कि इसके अतिरिक्त भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) द्वारा वैश्विक खाद्य नियामक शिखर सम्मेलन का आयोजन डब्ल्यूएचओ, एफएओ और कई प्रतिष्ठित घरेलू संस्थानों सहित वैश्विक नियामकों को खाद्य सुरक्षा, गुणवत्ता मानकों और सर्वोत्तम प्रथाओं जैसे मुद्दों की एक विस्तृत श्रृंखला पर चर्चा करने के लिए एक साथ लाएगा।

### लोग बोले खुशामदीद पीएम...! मोदी ने किया तहेदिल से शुक्रिया अदा

**श्रीनगर**। जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान खत्म हो चुका है। दूसरे चरण के की चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इसी बीच गुरुवार को पीएम नरेंद्र मोदी ने श्रीनगर में पहली चुनावी रैली की। रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि चुनाव को लेकर लोगों के काफी उत्साह दिखाई दे रहा है। वहीं नेशनल कॉन्फ्रेंस, कांग्रेस और पीडीपी पर निशाना भी साधा। पीएम मोदी ने रैली में उमड़े जनसैलाब को देखकर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि आज इतनी बड़ी संख्या में आप लोग यहां आए हैं। नौजवानों का ये उत्साह, बुजुर्गों की आंखों में शांति का संदेश और इतनी बड़ी मात्रा में माताएं-बहनें ये नया कश्मीर है। पीएम मोदी ने कहा कि हम सबका मकसद जम्मू-कश्मीर की तरक्की है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर की तरक्की का जज्बा और बुलंद करने के पैगाम के साथ आज मैं आपके बीच यहां आया हूं। मैं देख रहा हूं कि आज मेरे कश्मीर के भाई-बहन खुशामदीद पीएम कह रहे हैं। मैं तहेदिल से आपका शुक्रिया अदा करता हूं। पीएम मोदी ने यहां कहा कि जम्मू-कश्मीर में इस वक्त जम्हूरियत का त्योहार चल रहा है। कल यहां सात जिलों में पहले दौर की वोटिंग हुई। पहली बार दहशतगर्दी के साए के बिना ये वोटिंग हुई। हम सभी के लिए बहुत खुशी और गर्व की बात है कि इतनी बड़ी संख्या में लोग वोट डालने अपने घरों से बाहर निकले। किश्तवाड़ में 80फीसदी से ज्यादा वोटिंग, डोडा में 71फीसदी, रामबन में 70फीसदी और कुलगाम में 62फीसदी से ज्यादा वोट पड़े हैं।

## भारत अब हिंद महासागर क्षेत्र में एक पसंदीदा सुरक्षा साझेदार : रक्षा मंत्री

- नौसेना कमांडरों से अस्थिर वैश्विक परिदृश्य में हर स्थिति में तैयार रहने का आह्वान
- आईओआर में शांति और समृद्धि को बढ़ावा देने में नौसेना की महत्वपूर्ण भूमिका

एजेंसी। नई दिल्ली



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को भारतीय नौसेना के कमांडरों से आज के अस्थिर वैश्विक परिदृश्य में हर स्थिति के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत को अब हिंद महासागर क्षेत्र में एक पसंदीदा सुरक्षा साझेदार के रूप में देखा जा रहा है और नौसेना शांति एवं समृद्धि को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। राजनाथ सिंह ने इस क्षेत्र को आर्थिक, भू-राजनीतिक, व्यापार और सुरक्षा पहलुओं की दृष्टि से मूल्यवान और संवेदनशील बताया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज नई दिल्ली के नौसेना भवन में कमांडरों के सम्मेलन में भाग लिया। सीडीएस जनरल अनिल चौहान और भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी भी मौजूद रहे। नौसेना कमांडरों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हमारी नौसेना ने हिंद-प्रशांत देशों के आर्थिक हितों की रक्षा करते हुए हिंद महासागर क्षेत्र में माल की सुचारू आवाजाही में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। नौसेना के एंटी-पायरेसी ऑपरेशन न केवल भारत में, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी सराहना बटोर रहे हैं। भारत को अब इस पूरे क्षेत्र में एक पसंदीदा सुरक्षा भागीदार के रूप में देखा जाता है। रक्षा मंत्री ने जोर देकर कहा कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारतीय नौसेना की बढ़ती ताकत को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। उन्होंने आर्थिक, व्यापार, परिवहन और समग्र राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए एक मजबूत नौसैनिक क्षमता की आवश्यकता पर जोर दिया। राजनाथ सिंह ने दोहराया कि अत्याधुनिक जहाजों, पनडुब्बियों आदि को शामिल करके भारतीय नौसेना को और अधिक शक्तिशाली बनाया जाएगा। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि वर्तमान में भारतीय शिपयार्ड में 64 जहाज और पनडुब्बियां निर्माणाधीन हैं और 24 अतिरिक्त प्लेटफार्मों के लिए ऑर्डर दिए गए हैं। पिछले पांच वर्षों में नौसेना के आधुनिकीकरण बजट का दो तिहाई से अधिक हिस्सा स्वदेशी खरीद पर खर्च किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप घरेलू रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र का विकास तेजी से हुआ है। राजनाथ सिंह ने नौसेना के स्वदेशीकरण प्रयासों की सराहना करते हुए कमांडरों से 'आत्मनिर्भरता' हासिल करने के संकल्प को और मजबूत करने के तरीके तलाशने का आह्वान किया। उन्होंने विश्वास जताया कि नौसेना को 'खरीदार' से 'निर्माता' में बदलने का विजन इसे 2047 तक पूरी तरह से आत्मनिर्भर बनाने में मददगार साबित होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### अक्टूबर से शुरू होगी आधुनिक चौपाल, वैज्ञानिक व किसानों का सीधा संवाद : शिवराज

**नई दिल्ली**। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि अक्टूबर से आधुनिक चौपाल



शुरू होगी। अक्टूबर के पहले सप्ताह से शुरू हो रही यह चौपाल प्रत्येक माह पहले मंगलवार को सुबह दूरदर्शन व आकाशवाणी पर आयोजित की जाएगी। इसके माध्यम से कृषि विज्ञानी सीधे किसानों व किसान संगठनों से संवाद करेंगे। इसमें किसानों को आधुनिक शोध और नई तकनीक की जानकारी दी जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के पहले सौ दिन पूरे होने पर गुरुवार को नेशनल मीडिया सेंटर में पत्रकारों को संबोधित करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान ने कहा कि पर्यावरण में आए बदलावों की वजह से किसानों के सामने आई चुनौतियों को दूर करने की दिशा में प्रयास किए गए। सूखा व बाढ़ जैसी प्राकृतिक चुनौतियों से निबटने के लिए पिछले दिनों 65 फसलों की 109 प्रजातियों के बीज किसानों तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया। किसानों तक बीज जल्दी पहुंचाने की रणनीति बनाई गई है। निजी निवेशकों को भी बीज उपलब्ध कराए जा रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि किसानों को यूरिया की बोरी 2366 रुपये की जगह 266 रुपये और डीएपी की बोरी 2433 रुपये की जगह 1350 रुपये में उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण इसकी कीमतों को नियंत्रित करने के लिए 2625 करोड़ रुपये का पैकेज केंद्र सरकार ने दिया। एक दिन पहले कैबिनेट ने केवल रबी की फसल के लिए 24475 करोड़ रुपये की मंजूरी दी। फर्टिलाइजर की सब्सिडी के लिए पिछले साल दी गई एक लाख 94 हजार करोड़ रुपये की राशि इस वर्ष भी मिलेगी, इसमें कमी नहीं आएगी।

### पाकिस्तान के रक्षा मंत्री के बयान पर बोले अमित शाह- कांग्रेस और पाकिस्तान के इरादे और एजेंडा एक

**नई दिल्ली**। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370



और 35ए हटाए जाने के मुद्दे पर पाकिस्तान के रक्षा मंत्री के बयान को लेकर कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस इस बयान से एक्सपोज हो गई है और इसने पुनः यह स्पष्ट कर दिया है कि कांग्रेस और पाकिस्तान के इरादे और एजेंडा एक हैं। उल्लेखनीय है कि एक पाकिस्तानी एंकर से बातचीत में पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि 370 के मुद्दे पर पाकिस्तान - कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस एक ही पेज पर हैं। शाह ने एक एक्स पोस्ट में कहा कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री का अनुच्छेद 370 और 35ए पर कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस के समर्थन की बात ने एक बार फिर कांग्रेस को एक्सपोज कर दिया है। पिछले कुछ वर्षों से राहुल गांधी देशवासियों की भावनाओं को आहत करते हुए भारत विरोधी ताकतों के साथ खड़े रहे हैं। एयर स्ट्राइक व सर्जिकल स्ट्राइक के सबूत मांगने हों, या भारतीय सेना के बारे में आपत्तिजनक बातें करना हो, राहुल गांधी की कांग्रेस पार्टी और पाकिस्तान के सुर हमेशा एक रहे हैं और कांग्रेस का हाथ हमेशा देशविरोधी शक्तियों के साथ रहा है।

## पूर्व एमएलसी एवं जदयू नेत्री मनोरमा देवी के आवास से 1 करोड़ से ज्यादा कैश बरामद

एजेंसी। पटना

बिहार के 5 लोकेशन पर एनआईए ने रेड की है। इनमें से 3 गया में है। गया में पूर्व एमएलसी मनोरमा देवी के घर और प्लांट पर एनआईए की टीम ने दबिश की है। एपी कॉलोनी स्थित जदयू की पूर्व एमएलसी मनोरमा देवी के आवास



पर भी सुबह 4 बजे छापेमारी शुरू हुई। घर से एक करोड़ से ज्यादा कैश मिलने की खबर है। जांच एजेंसी ने नोट गिनने की मशीन मंगवाई है। मशीन के साथ एसबीआई के चीफ मैनेजर शशिकांत भी पहुंचे हैं। उनसे बात करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने कुछ भी बताने से इनकार कर दिया। घर से 8 लाइसेंसी हथियार भी मिले हैं। हथियार जिनके नाम पर उन्हें सत्यापन के लिए बुलाया गया है। घर के अंदर किसी को जाने की इजाजत नहीं है। घर में मौजूद लोगों से पूछताछ जारी है। जिला पुलिस के सहयोग से एनआईए ने कार्रवाई की है। घर के साथ ही उनके बोधगया में जानपुर गांव के पास स्थित प्लांट में भी छापेमारी हुई है। इसके अलावा बांके बाजार में भी एनआईए की टीम छापेमारी कर रही है। मनोरमा देवी के दिवंगत पति बिंदेश्वरी यादव जिला पार्षद अध्यक्ष थे। उनके खिलाफ नक्सल गतिविधि और साठगांठ का केस था। नक्सलियों को कारतूस सप्लाई करने के आरोप में बिंदेश्वरी यादव की गिरफ्तारी भी हुई थी। उनकी गाड़ी से ही सैकड़ों की संख्या में कारतूस बरामद हुए थे। तब इनके खिलाफ देशद्रोह का केस भी दर्ज किया गया था। आज की कार्रवाई भी नक्सल कनेक्शन तलाशने को लेकर होने की खबर है।

## सहकारिता के माध्यम से मोदी सरकार ग्रामीण अर्थतंत्र को नई गति दे रही है : अमित शाह

**नई दिल्ली**। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि सहकारिता के माध्यम से मोदी सरकार ग्रामीण अर्थतंत्र को नई गति दे रही है। शाह नई दिल्ली के पूसा स्थित आईसीएआर कन्वेंशन सेंटर में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन में सहकारिता मंत्रालय के 100 दिनों में किए गए परिवर्तनकारी पहलों की श्रृंखला का उद्घाटन करने के बाद संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन के मुख्य सत्र के दौरान अमित शाह ने "सहकार से समृद्धि" थीम के अंतर्गत मंत्रालय द्वारा "100 दिनों की पहल" का शुभारंभ किया। उन्होंने अब तक कवर नहीं किए गए गांवों व पंचायतों में 2 लाख नई एमपीएसीएस, प्राथमिक डेयरी और मत्स्य सहकारी समितियों के गठन और सुदृढ़ीकरण, श्वेत क्रांति 2.0 पर मानक संचालन प्रक्रिया और सहकारी समितियों के बीच सहयोग पर एक 'मार्गदर्शिका' का भी शुभारंभ किया। मोदी



सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिनों में सहकारिता क्षेत्र में किए गए कार्यों पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा कि 70 सालों में सरकार की अनदेखी के कारण इस देश में सहकारिता आंदोलन अप्रासंगिक होता जा रहा था। प्रशासन, अर्थव्यवस्था और अन्य क्षेत्रों में हो रहे बदलावों को ध्यान में रखते हुए इस क्षेत्र में जो बदलाव आवश्यक थे, वे नहीं किए गए। जब इस मंत्रालय का गठन किया गया था तो इसका उद्देश्य सभी गांवों और जिलों में सहकारिता क्षेत्र को पुनर्जीवित करना था। उन्होंने कहा कि तीन नई पहलों को एक साथ लॉन्च किया गया है। शाह ने भरोसा दिलाया कि पैक्स अब बंद नहीं होंगे। श्वेत क्रांति 2.0 महिला सशक्तिकरण का माध्यम बनेगा। यह महिलाओं को रोजगार देने का काम भी करेगा। केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी तथा पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह ने कहा कि श्वेत क्रांति 2.0 न केवल किसानों की आय बढ़ाएगी बल्कि महिला सशक्तिकरण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि मत्स्य और पशुपालन से जुड़े लोग असंगठित क्षेत्र में होने के कारण सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं उठा पाते हैं। सरकार ने आज इसी के मद्देनजर श्वेत क्रांति 2.0 लॉन्च किया है। सिंह ने कहा कि दूध उत्पादन में भारत आज विश्व में पहले स्थान पर है। 2014 में नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनाने के बाद दोगुनी वृद्धि के कारण यह संभव हुआ है।

### आतंकी पन्नू के मामले में अमेरिकी अदालत के समन को भारत ने किया खारिज

**नई दिल्ली**। भारत ने खालिस्तानी आतंकवादी गुरुपतवंत सिंह पन्नू की ओर से दायर मुकदमे के आधार पर अमेरिका की एक सिविल अदालत द्वारा भारत सरकार, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और खुफिया एजेंसी रॉ के अधिकारियों को समन किए जाने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मामले में लगाए गए आरोपों को खारिज कर दिया। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने गुरुवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि इस तरह के सभी आरोप निराधार और अवांछनीय हैं। पन्नू की ओर से दायर इस मामले से हमारी राय में कोई बदलाव नहीं आता। विदेश सचिव ने पन्नू का नाम लिये बिना कहा कि इस आदमी की क्या पृष्ठभूमि है, इसे सब लोग जानते हैं। यह आदमी एक गैर-कानूनी संगठन से जुड़ा है। उन्होंने पन्नू के संगठन 'सिख फॉर जस्टिस' के संबंध में कहा कि यह भारत विरोधी और हमारी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को नुकसान पहुंचाने वाली विध्वंसकारी गतिविधियों में लिप्त है। इसी कारण इसे गैर कानूनी गतिविधि निरोधक कानून (यूएपीए) के तहत प्रतिबंधित किया गया है। जब उनसे पूछा गया कि अमेरिकी राष्ट्रपति से मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी क्या वहां खालिस्तानी गतिविधियों का मामला उठायेंगे? इस पर विदेश सचिव ने कहा कि साझा चिंताओं से जुड़े सभी मुद्दों पर बातचीत की जाएगी।

## कुत्ते की दुम की तरह सपा के गुंडे सीधे नहीं हो सकते

**अयोध्या**। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या के मिल्कीपुर



में समाजवादी पार्टी (सपा) और उसके प्रमुख अखिलेश यादव पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने सपा पर तीखे शब्दों में आरोप लगाते हुए कहा कि सपा सरकार के दौरान कारसेवकों पर गोलियां चलीं, उनके हाथ रामभक्तों के खून से रंगे हैं। सीएम योगी ने कहा, सपाइयों को विवादित ढांचा प्यारा था, मगर राम भक्तों ने उसे नेस्तनाबूद कर दिया। अगर सपा का सारा कच्चा-चिट्ठा सामने आ जाए तो ये मुंह दिखाने लायक नहीं रहेंगे। सपा मुखिया अखिलेश यादव के हालिया बयान पर पलटवार करते हुए योगी ने कहा, जितने भी अपराध में लिप्त माफिया हैं, वे सभी इनके चचा जान थे। माफिया के आगे नाक रगड़ने वाले आज साधु-संतों को माफिया कहते हैं। योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं को निशाना बनाते हुए कहा, जैसे कुत्ते की दुम सीधी नहीं हो सकती, वैसे ही सपा के गुंडे सीधे नहीं हो सकते। इनसे लड़कर ही उन्हें सीधा किया जा सकता है और यही काम हमारी सरकार कर रही है। विकास परियोजनाओं का लोकार्पणः सीएम योगी ने अयोध्या के मिल्कीपुर में 1000 करोड़ से अधिक की 83 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

## कांग्रेस अध्यक्ष को जेपी नड्डा का करारा जवाब- 10 साल में प्रधानमंत्री मोदी को 110 से अधिक गालियां दी गईं

एजेंसी। नई दिल्ली



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लिखे पत्र पर पलटवार किया है। उन्होंने खड़गे से पूछा है कि जिस व्यक्ति का इतिहास देश के प्रधानमंत्री सहित पूरे ओबीसी समुदाय को गाली देने का रहा हो, देश के प्रधानमंत्री के लिए अत्यंत अमर्यादित शब्दों का प्रयोग करने का रहा हो उस राहुल गांधी को सही ठहराने की कोशिश वे किस मजबूरी में कर रहे हैं? जेपी नड्डा ने कांग्रेस अध्यक्ष को लिखे पत्र में कहा "आपने अपने असफल उत्पाद, जिसे जनता ने बार-बार नकार दिया है, उसे चमकाने और राजनीतिक मजबूरी के कारण बाजार में लाने के प्रयास में पीएम मोदी को पत्र लिखा है। उस पत्र में जो बातें कही गई हैं वे वास्तविकता से कोसों दूर हैं। ऐसा लगता है कि आपने पत्र में राहुल गांधी सहित अपने नेताओं की करतूतों को या तो भुला दिया है या जानबूझकर उन्हें नजरअंदाज कर दिया है, इसलिए मुझे लगा कि उन बातों को विस्तार से आपके संज्ञान में लाना जरूरी है कि देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी अब अपने प्रसिद्ध राजकुमार के दबाव में 'कॉपी और पेस्ट' पार्टी बन गई है। नड्डा ने लिखा, ये राहुल गांधी की माताजी सोनिया गांधी ही थीं, जिन्होंने मोदी जी के लिए मौत का सौदागर' जैसे अत्यंत असभ्य अपशब्दों का प्रयोग किया था? क्यों तब राजनीतिक शुचिता की बातें कांग्रेस भूल गई थी? जब राहुल गांधी ने सरेआम 'मोदी की छवि को खराब कर देंगे' वाली बात कही थी तो राजनीतिक मर्यादा को किसने खंड-खंड किया था। मैं ये समझता हूं कि अपने नित्य निरंतर फेल प्रोडक्ट का बचाव करना और उसे महिमामंडित करना आपकी मजबूरी है, लेकिन कम से कम कांग्रेस अध्यक्ष होने के नाते आपको इन चीजों पर आत्ममंथन भी तो करना चाहिए था। जेपी नड्डा ने अपने पत्र में कहा कि कांग्रेस नेताओं ने पिछले 10 साल में प्रधानमंत्री मोदी को 110 से अधिक गालियां दी हैं और दुर्भाग्य की बात यह है कि इसमें कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व भी शामिल है।

## बांग्लादेश छोड़ गए अवामी लीग के प्रमुख नेता, अंतरिम सरकार को नहीं भनक

**ढाका**। बंगालादेश में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद अवामी लीग के नेताओं की जोर-शोर से शुरू धरपकड़ के बीच कई प्रमुख नेता मुल्क छोड़कर भाग गए। मजेदार बात यह है कि अंतरिम सरकार और उसकी एजेंसियों को इस बारे में भनक तक नहीं मिली। इनमें से अधिकतर नेता पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के करीबी हैं। वह उनकी सरकार में ताकतवर मंत्री रहे हैं। सभी हत्या के आरोप सहित कई मामलों में आरोपी हैं। ढाका से छपने वाले बांग्ला अखबार (अंग्रेजी संस्करण) प्रोथोम अलो ने अपनी खबर में इस पर विस्तार से चर्चा की है। अखबार ने देश छोड़ने वाले कुछ प्रमुख नेताओं के फोटो भी साझा किए हैं। खबर के अनुसार, छात्रों और लोगों के व्यापक विद्रोह



के कारण अवामी लीग सरकार के गिरने के एक महीने बाद भी अवामी लीग के कई नेता, पूर्व मंत्री और विधायक अभी भी देश छोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। कई पहले ही देश छोड़ चुके हैं। कुछ लोग देश से भागने की कोशिश करते हुए सीमा पर पकड़े गए। सीमा पार करने की कोशिश में मौत की भी खबरें हैं। प्रोथोम अलो के अनुसार, पूर्व गृहमंत्री असदुज्जमां खान, पूर्व जूट और कपड़ामंत्री जहांगीर कबीर नानक और अवामी लीग के संयुक्त महासचिव और पूर्व विधायक एएफएम बहाउद्दीन नसीम पिछले हफ्ते सीमापार कर चुके हैं। पूर्व विदेशमंत्री हसन महमूद, पूर्व स्थानीय सरकार मंत्री मोहम्मद ताजुल इस्लाम, पूर्व शिक्षामंत्री मोहिबुल हसन चौधरी, पूर्व सूचना और प्रसारण राज्यमंत्री मोहम्मद अली अराफात, पूर्व विधायक अलाउद्दीन अहमद और लोकप्रिय अवामी लीग नेता शमीम उस्मान पांच अगस्त के बाद देश छोड़ चुके हैं। खबर में अवामी लीग के महासचिव ओबैदुल कादर, संयुक्त महासचिव महबूबुल आलम हनीफ, पूर्व मंत्री एसएम रेजाउल करीम और कई अन्य केंद्रीय नेताओं के भी देश छोड़ने की आशंका जताई है।

### मोहना सिंह तेजस लड़ाकू विमान उड़ाने वाली पहली महिला पायलट बनीं

**नई दिल्ली**। मोहना सिंह आईएएफ के तेजस लड़ाकू स्क्वाड्रन का हिस्सा बनने वाली भारत की पहली महिला पायलट बन गई हैं। मोहना जून 2016 में भारतीय वायुसेना में शामिल होने वाली पहली तीन महिला लड़ाकू पायलटों में से एक थीं। उन्हें गुजरात के नलिया में स्थित नंबर 18 फ्लाइंग बुलेट्स स्क्वाड्रन सौंपा गया है। मोहना ने हाल ही में तरंग शक्ति बहुपक्षीय हवाई युद्ध अभ्यास में भाग लिया। वह पहले नंबर 3 फाइटर स्क्वाड्रन का हिस्सा थीं, उन्होंने मिग-21 बाइसन विमान उड़ाया। अवनी चतुर्वेदी, भावना कंठ और मोहना सिंह भारतीय वायुसेना की पहली महिला फाइटर पायलटों के बैच में शामिल हुई थीं। केंद्र सरकार ने पायलट आधार पर महिलाओं के लिए फाइटर स्ट्रीम खोलने का फैसला लेने के एक साल के अंदर, उन्हें 2016 में आईएएफ में कमीशन किया था। फरवरी 2018 में अवनी चतुर्वेदी मिग-21 बाइसन उड़ाकर अकेले लड़ाकू विमान उड़ाने वाली पहली भारतीय महिला बनीं थी, जिन्होंने जामनगर बेस से उड़ान भरी थी। हाल ही में रक्षा मंत्रालय ने घोषणा की है कि 2022 में शुरू की गई महिला लड़ाकू पायलटों की प्रायोगिक योजना को अब स्थायी योजना में बदल दिया है।

### जाना था अमृतसर कहीं और चल दी ट्रेन आधे घंटे बाद ड्रायवर को आया होश

**नई दिल्ली**। आपने रेलवे की कई घटनाओं के बारे में सुना और देखा भी होगा जिसमें कई ऐसे हादसे हुए जो अजीबो गरीब भी हुए है। कुछ ऐसी घटनाएं घट जाती हैं जिससे भारतीय रेलवे की खूब किरकिरी होती है। ऐसी ही एक घटना सामने आई है जिससे रेलवे पर सवाल उठ रहे हैं। दरअसल कोलकाता से अमृतसर जाने वाली ट्रेन हादसे का शिकार होते-होते बच गई है। वहीं दूसरी तरफ बिहार में एक मालगाड़ी के कई डिब्बे पटरी से उतर गए। हैरानी वाली बात तो यह है कि ट्रेन करीब 30 मिनट तक जालंधर स्टेशन से गलत दिशा में चलती रही। 30 मिनट बाद नकोरडा जंक्शन पर जाकर ड्राइवर को होश आया फिर इंजन बदला गया और ट्रेन को वापस लाया गया। ट्रेन में यात्रा कर रहे यात्री परेशान थे। कई यात्रियों ने इसके बारे में सोशल मीडिया पर सवाल भी उठाए हैं। वहीं वृंदावन रेलवे स्टेशन से करीब 800 मीटर आगे एक मालगाड़ी के 25 डिब्बे पटरी से उतर गए। यह मालगाड़ी कोयला लेकर जा रही थी। घटना बुधवार रात 8 बजे की बताई जा रही है। इसकी वजह से उस रूट का पूरा यातायात प्रभावित हुआ।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार में मालगाड़ी की 4 बोगियां डिरेल:मुजफ्फरपुर से गुजरने वाली 13 ट्रेनों का रूट बदला, 16 ट्रेनों पर असर

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर में शंटिंग के दौरान एक मालगाड़ी की 4 बोगी पटरी से उतर गई। हादसे के बाद मुजफ्फरपुर-समस्तीपुर अप लाइन बाधित हो गई है। इस वजह से अप लाइन पर मुजफ्फरपुर जंक्शन की ओर आने वाली ट्रेनें अलग-अलग स्टेशनों पर खड़ी हो गई हैं।

रेलवे ने देर शाम जानकारी दी है कि हादसे की वजह से फिलहाल 13 ट्रेनों का रूट बदला गया है। इनमें 4 ट्रेनें आज रात तक विभिन्न स्टेशनों से खुलेंगी। साथ ही 9 ट्रेनें अलग-अलग स्टेशनों से खुल चुकी हैं। इनमें डिब्रूगढ़ राजधानी, लोकमान्य तिलक टर्मिनस-जयनगर समेत कई लंबी दूरी की ट्रेनें शामिल हैं। घटनास्थल पर पहुंचे सोनपुर डीआरएम विवेक रंजन सूद ने बताया कि 12 ट्रेनों के अलग-अलग स्टेशनों पर रुके होने की सूचना हैं। अप लाइन से मालगाड़ी की बोगी हटाकर रेल यातायात सामान्य करने की कोशिश की जा रही है।

### 20 सितंबर को डीआरसीसी में रोजगार कैंप का आयोजन

**सीवान, एजेंसी।** सीवान के डीआरसीसी में 20 सितंबर को एक दिवसीय रोजगार कैंप का आयोजन किया जाएगा। कैंप में स्किल्ज डेस्क प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी की ओर से विल्प प्रोडक्शन ट्रेनी पद पर कुल 180 भर्तियां ली जाएंगी। जिला नियोजन पदाधिकारी पिंकी भारती ने कहा कि श्रम संसाधन विभाग की ओर से लगातार रोजगार देने के उद्देश्य से रोजगार कैंप का आयोजन किया जाता है। रोजगार कैंप के माध्यम से अभी तक हजारों युवक और युवतियों को नौकरी मिल चुकी है।

20 सितंबर को लगने वाले रोजगार कैंप में 18 साल से लेकर 31 साल तक के अभ्यर्थी शामिल हो सकते है। आईटीआई डिप्लोमा और पॉलिटेक्निक डिग्री वाले अभ्यर्थी इसमें शामिल होंगे। सुबह के 10 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक रोजगार कैंप का आयोजन होगा। चयनित अभ्यर्थियों को 14500 से लेकर 23244 रुपए वेतन के साथ-साथ कैंटीन, बस, इंश्योरेंस, पीएफ और ईएसआईसी की सुविधा मिलेगी।

### आशुतोष शाही हत्याकांड में एक अक्टूबर को होगी सुनवाई

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** प्रॉपर्टी डीलर आशुतोष शाही और उनके तीन बॉडीगार्ड की हत्या मामले में अब एक अक्टूबर को सुनवाई होगी। इस केस में पहले से आरोपित पर चार्ज के बिंदू पर सुनवाई चल रही है। इस बीच केस के चार्जशीटेड आरोपित विक्रांत शुक्ला उर्फ विक्कू शुक्ला की ओर से कोर्ट में आरोप मुक्ति के लिए अर्जी दाखिल की गई, जिसे बहस पर रखा गया है। हालांकि, उनकी अर्जी पर बुधवार को न्यायालय में बहस नहीं हो सकी। अब एक अक्टूबर को मामले में सुनवाई होगी।

आशुतोष शाही हत्याकांड में सात आरोपितों पर दो अलग-अलग सेशन केस चल रहा है। एक ट्रायल में प्रद्युमन कुमार शर्मा उर्फ मंटू शर्मा, गोविंद कुमार, विक्रांत शुक्ला और शेरू अहमद पर एक साथ सेशन केस चल रहा है। दूसरा सेशन केस पटना के जानीपुर के उज्ज्वल कुमार उर्फ अवनीश, बेगूसराय के रणंजय ओंकार सिंह और अधिवक्ता सैयद कासिम हसन उर्फ डॉलर के खिलाफ चल रहा है। सीआईडी इंस्पेक्टर अशोक कुमार झा सभी आरोपितों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर चुके हैं। केस में पटना व रांची के शूटर पर सीआईडी जांच चल रही है। अब तक सीआईडी दोनों शूटरों को चिह्नित नहीं कर पाई है।

बता दें कि 21 जुलाई 2023 को लकड़ीढाई मोहल्ले में अधिवक्ता डॉलर के घर पर आशुतोष शाही की हत्या दो बाइक से पहुंचे चार शूटरों ने कर दी थी। इसमें उनके तीन बॉडीगार्ड को भी गोली लगी थी। एक बॉडीगार्ड की घटनास्थल पर, जबकि दो की मौत इलाज के दौरान हुई थी।

पटना के उज्ज्वल के पास से घटना में इस्तेमाल हुए .45 बोर की पिस्टल जब्त हुई थी। इस आधार पर उसे इस केस में अप्राथमिकी अभियुक्त बनाया गया है। गोविंद के स्वीकारोक्ति बयान में पटना व रांची के तीन शूटरों का नाम आया था। उन तीनों पर सीआईडी जांच चल रही है। घटनास्थल से एक बॉडीगार्ड का रिवॉल्वर भी चोरी हुआ था जो अब तक बरामद नहीं किया जा सका है।

# 2027 में यूपी विधानसभा चुनाव लड़ेगी लोजपाः सांसद शांभवी चौधरी

**रामलला के दर्शन करने पहुंचीं सांसद चौधरी, बोलीं- अभी से संगठन को करेंगे मजबूत**



**अयोध्या/पटना, एजेंसी।** यूपी में 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में लोक जन शक्ति पार्टी भी अपने कैंडीडेट उतारने के लिए खुद को तैयार कर रही है। इसके लिए पार्टी न सिर्फ उत्तर प्रदेश में संगठन को मजबूत करेगी बल्कि नए सिरे से तैयार करेगी। यह बात अयोध्या में रामलला के दर्शन करने के बाद बिहार समस्तीपुर से लोजपा सांसद शांभवी चौधरी ने कही। उन्हें यूपी का सह-प्रभारी बनाया गया है।

**रामविलास पासवान ने यूपी में विधानसभा चुनाव लड़ा था,अब उसे पूरा करेंगेः** सांसद शांभवी चौधरी ने कहा- 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारी के लिए हम अभी से जुट गए हैं और चिराग पासवान की इच्छा है कि जिस तरह वह बिहार में भूमिका निभा रहे हैं इस तरह यूपी में भी राजनीतिक भूमिका निभाएं।

हम अभी प्रदेश में पार्टी को नई पहचान देने के लिए काम करेंगे। हम किसी भी पार्टी को तोड़ने नहीं बल्कि अपनी पहचान बनाने और लोगों को जोड़ने के लिए आए हैं। रामविलास पासवान 1985 में उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव में लड़े थे और उनका जो सपना अधूरा रह गया है उन्हें पूरा करने के लिए हम लोग आए हैं।

**प्रदेश में सदस्यता अभियान चलाकर युवाओं को जोड़ने का काम करेगीः** शांभवी चौधरी ने कहा- बिहार में जितना हमारा अच्छा प्रदर्शन रहा है वैसा ही यूपी में भी रहेगा। हम प्रदेश में संगठन को मजबूत करेंगे और आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में पार्टी की अहम भागीदारी हो इसके लिए संगठन को तैयार करेंगे।

यह पार्टी दलित, वंचित और शोषित वर्ग की आवाज मानी जाती है। संगठन को मजबूत करने के साथ प्रदेश में सदस्यता अभियान चलाकर युवाओं को जोड़ने का काम करेगी।

**यह युवाओं और महिलाओं की भी पार्टीः** समस्तीपुर की सांसद शांभवी चौधरी ने कहा- हमारी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान को हम धन्यवाद देंगे कि हमें एक जिम्मेदारी सौंपी है। मुझे उत्तर प्रदेश का सहप्रभारी बनाकर के यहां भेजा है कि यहां हम संगठन को मजबूत करें। 2027 के विधानसभा चुनाव में लोक जनशक्ति पार्टी की भी एक अहम भागीदारी हो। आज कह सकते हैं कि हमारे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान जी के राजनैतिक फैसलों की वजह से इसको युवाओं और महिलाओं की भी पार्टी माना जाता है ।

उन्होंने कहा- बिहार लोकसभा चुनाव में पांच में से चार सीट उन्होंने युवाओं को दी तो अब युवा और महिला की भी प्रखर आवाज है। पार्टी के विचार को हम लोग आगे बढ़ाएंगे, उसको हम लोग प्रमोट करेंगे और जो लोग पार्टी से जुड़ना चाहेंगे उनको पार्टी से जोड़ने का काम करेंगे ।




**लैंड सर्वे से स्थिति और बदतर होगी**

# हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर पिटीशनर बोले- विवाद से जुड़े केस और बढ़ेंगे

**पटना, एजेंसी।** राज्य में चल रहे जमीन सर्वे पर रोक लगाने के लिए एक जनहित याचिका पटना हाई कोर्ट में दायर की गई है। वकील राजीव रंजन सिंह ने बुधवार को याचिका दायर की है। याचिकाकर्ता का कहना है कि सर्वे बहुत ही त्रुटिपूर्ण है। कोई कानूनी तंत्र नहीं अपनाया गया है।

### सर्वे से स्थिति और बदतर होगी

याचिका में यह भी आरोप लगाया गया है कि वर्तमान सर्वे से स्थिति और बदतर होगी। इसकी वजह से भविष्य में मुकदमेबाजी बढ़ेगी। सर्वे में आने वाली कठिनाइयों की अनदेखी की गई है। याचिकाकर्ता ने 7 सितंबर, 2024 को उक्त मामले में राज्य के मुख्य सचिव तथा राज्य के राजस्व व भूमि सुधार विभाग के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी को अभ्यावेदन देने का काम भी किया है। लेकिन अभी तक कोई जवाब नहीं दिया गया।

इसके बाद याचिकाकर्ता ने इस जनहित याचिका को दायर किया। याचिकाकर्ता का यह भी कहना है कि बहुत से ऐसे मामले हैं, जिनमें जमीन पर अधिकार को लेकर अदालत में मामले लंबित हैं। याचिका में राज्य के चीफ सेक्रेटरी और राज्य के राजस्व व भूमि सुधार विभाग के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी को प्रतिवादी बनाया गया है।

# पूर्व अंचलाधिकारी की बेटी मनचलों से परेशान, एफआईआर दर्ज

- **कंप्यूटर ऑपरेटर ने इंटरनेट पर डाला नंबर, अश्लील फोटो एडिट कर वायरल करने का डर**



**पटना, एजेंसी।** पूर्व अंचलाधिकारी के बेटी का मोबाइल नंबर कंप्यूटर ऑपरेटर ने इंटरनेट पर डाल दिया। इसके बाद अलग-अलग नंबरों से परेशान किया जाने लगा। तंग आकर पीड़िता ने बुद्धा कॉलोनी थाने में मामला दर्ज कराकर करवाई करने की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगे की करवाई में जुट गई है।

वहीं बुद्धा कॉलोनी थानेदार सदानंद साह ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि पीड़िता ने निर्मल कुमार के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। निर्मल ने इंटरनेट पर मोबाइल नंबर डाल दिया और इसके बाद व्हाट्सएप और फेसबुक पर अश्लील मैसेज भेज कर परेशान किया करता था। उसका स्क्रीन शॉर्ट भी पीड़िता ने उपलब्ध कराया है। इसके आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। आगे की कारवाई की जा रही है।

जानकारी के अनुसार निर्मल कुमार को पूर्व अंचलाधिकारी ने जमुई में कम्प्यूटर ऑपरेटर के लिए काम पर रखा था। इसी दौरान बुद्धा कालोनी आवास पर आना-जाना शुरू कर दिया। घरेलू काम मे भी दखल देना शुरू कर दिया। इस दौरान पूर्व अधिकारी और निर्मल कुमार के बीच बहस भी हुई थी।

### फर्जी एफआईआर की कॉपी पीड़िता के पति और बहन को भेजा

निर्मल कुमार इसे लेकर एक फर्जी एफआईआर की कॉपी पीड़िता के पति और बहन को भेज दिया था। जमुई स्कने इस कॉपी को फर्जी बताया। वहीं पीड़िता को आशंका है कि निर्मल कुमार मेरी और बहन का नंबर और तस्वीर को एडिट कर अश्लील फोटो इंटरनेट पर डाल सकता है।

# जीएसटी वसूली में बिहार देश में पांचवें स्थान पर, छह सालों में राज्य के कर-संग्रह में 122 प्रतिशत की बढ़ोतरी

**पटना, एजेंसी।** वित्तीय वर्ष 2023-24 में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह के मामले में बिहार देश के शीर्ष 5 राज्यों में शामिल रहा है। पिछले वित्तीय वर्ष में राज्य में जीएसटी संग्रह में 18 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गयी थी, जो कि राष्ट्रीय औसत 13 प्रतिशत से पांच प्रतिशत अधिक है। वहीं, पिछले छह वर्षों में राज्य के कर-संग्रह में 122 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। मालूम हो कि, बिहार सहित देश भर में वर्ष 2017 में जीएसटी लागू किया गया था।

जीएसटी लागू होने के पूर्व बिहार में वर्ष 2017-18 में कर-संग्रह 17,236 करोड़ रुपये था। यह वर्ष 2023-24 में बढ़कर 38,198 करोड़ रुपये हो गया। वाणिज्य-कर विभाग के सचिव सह राज्य-कर आयुक्त संजय कुमार सिंह ने ये जानकारी बुधवार को सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के संवाद कक्ष में आयोजित विभागीय प्रेस कांफ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 42,500 करोड़ रुपये राजस्व संग्रह का लक्ष्य निर्धारित है। जिसकी तुलना में अगस्त 2024 तक 15,463 करोड़ रुपये राजस्व की वसूली हो चुकी है। जो पिछले वित्तीय वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 8.4 प्रतिशत अधिक है। हालांकि, यह अगस्त तक की लक्ष्य 17 हजार करोड़ कर संग्रह के लक्ष्य की तुलना में कम है। उन्होंने कहा कि आमतौर पर अंतिम तिमाही में कर संग्रह अधिक होता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने वैट नियमावली में संशोधन करते हुए पेट्रोल पंप व्यवसायियों को त्रैमासिक विवरणी दाखिल किए जाने से छूट दे दी है। पेट्रोल पंप व्यवसायियों को अब सिर्फ वार्षिक विवरणी दाखिल करना है।




प्रेस वार्ता में वाणिज्य-कर विभाग के संयुक्त सचिव कृष्ण कुमार, अंकेक्षण विशेषज्ञ संजय कुमार मावंडिया, राज्य कर विशेष आयुक्त सच्चिदानंद शर्मा और राज्य कर अपर आयुक्त-सह-विशेष कार्य पदाधिकारी विनोद झा मौजूद रहे।

### एक मुश्त समाधान योजना मार्च 2025 तक लागू

उन्होंने बताया कि कारोबारियों के हित में एक मुश्त समाधान योजना की अवधि छह माह तक बढ़ा दी गयी है। यह योजना अब मार्च 2025 तक लागू रहेगी। इस योजना का लाभ अबतक करीब 2500 व्यवसायी उठा चुके हैं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि इस योजना का उद्देश्य कारोबारियों को होने वाली परेशानी से मुक्त करना और अधिकारियों का समय बचाना है। इस योजना से सरकार को कितना राजस्व आता है यह महत्वपूर्ण नहीं है।

# मॉनसून हुआ कमजोर, बिहार में अब उमस और गर्मी का दौर

**पटना, एजेंसी।** बिहार में बारिश में कमी आ गई है और यहां एक बार फिर लोगों को उमस और गर्मी का टॉर्चर सहना पड़ सकता है। राजधानी पटना समेत पूरे राज्य में मॉनसून कमजोर हुआ है जिसकी वजह से बारिश में कमी आ गई है। इसके बाद अब अगले तीन से चार दिनों तक मानसून कमजोर होने के कारण उमस और गर्मी बढ़ने के आसार हैं।

हालांकि, पटना सहित प्रदेश में बादलों की आवाजाही बने होने के कारण मौसम सुबह और शाम में सामान्य बना रहेगा। दिन में धूप निकलने के कारण उमस का प्रभाव होगा। बंगाल की खाड़ी से नमी युक्त हवा का प्रभाव बना रहेगा।

बुधवार को पटना सहित आसपास इलाकों में बादल शाम में छाए रहने से मौसम सामान्य बना रहा। बीते 24 घंटों के दौरान दक्षिणी भागों के रोहतास, भभुआ, औरंगाबाद समेत अन्य जिलों में बारिश हुई। भभुआ में सर्वाधिक वर्षा 30.6 मिमी दर्ज की गई। दिन में धूप निकलने के कारण राजधानी के अधिकतम तापमान में 1.3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के साथ 34.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। 37.6 डिग्री सेल्सियस के साथ मधुबनी में सर्वाधिक अधिकतम तापमान दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार मानसून सीजन के दौरान प्रदेश में सामान्य से 26 फीसदी वर्षा में कमी बनी हुई है।



बताया जा रहा है कि फिलहाल ऐसा कोई सिस्टम सक्रिय नहीं है जिसकी वजह से बिहार में बारिश के आसार बनें। जिसकी वजह से गर्मी और उमस पड़ने की संभावना है। पूर्वानुमान जताया गया है कि राज्य के ज्यादातर जिलों में मौसम शुष्क बना रह सकता है। 22 सितंबर तक के लिए जो पूर्वानुमान लगाया गया है उसमें कहा गया है कि उत्तर बिहार के जिलों में आकाश में हल्के मध्यम स्तर के बादल छाए रह सकते हैं। इस अवधि में तापमान 34 डिग्री सेल्सियस तक रह सकता है।

# जीआरपी ने स्टेशन से 3 नाबालिग बच्चों को किया बरामद

- **किशनगंज से बाल मजदूरी करने जा रहे थे दिल्ली, बाल कल्याण समिति को सौंपा**



**किशनगंज, एजेंसी।** किशनगंज में संचालित जन्म निर्माण केंद्र की टीम ने किशनगंज रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 और 2 पर रेल थाना के साथ मिलकर बाल मजदूरी के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान बुधवार की रात रेलवे स्टेशन के अलग-अलग जगहों पर 3 बच्चों को संदिग्ध स्थिति में बैठा हुआ पाया गया।

संयुक्त टीम ने जब पूछताछ किया तो बच्चों ने बताया कि काम करने के लिए दिल्ली और बेंगलुरु जा रहे है। तीनों बच्चो के आधार कार्ड को देखने पर पता चला कि उनकी उम्र 14 साल से कम है। ऐसे में टीम ने सभी बच्चों को अपने संरक्षण में लिया और रेल थाना में सनहा दर्ज कराया। सनहा दर्ज करने के बाद तीनों बच्चों को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# साहित्यकारों ने बेगूसराय का नाम दिनकरसराय करने की मांग की, प्रदर्शन की दी चेतावनी

**दिनकर की 116वीं जयंती पर समारोह आयोजित**




**बेगूसराय, एजेंसी।** बेगूसराय में राष्ट्र कवि रामधारी सिंह दिनकर की 116वीं जयंती के अवसर पर 11 दिवसीय समारोह का आयोजन हुआ है। इसके पांचवें दिन राष्ट्र कवि दिनकर स्मृति विकास समिति सिमरिया और दिनकर पुस्तकालय के संयुक्त तत्वावधान में विवेकानंद साइंस क्लासेज सिमरिया में कार्यक्रम आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता रिटायर शिक्षक गजेन्द्र झा और संचालन युवा कवि विनोद बिहारी ने किया।

अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करने के बाद दिनकर के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर बच्चों ने दिनकर के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। साहित्यकारों ने बेगूसराय जिले का नाम बदलकर दिनकरसराय करने की मांग की है। साथ ही इन्होंने ऐसा नहीं होने पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार प्रफुल्ल चंद्र मिश्र ने दिनकर के मंच से बेगूसराय का नाम दिनकरसराय करने की मांग केन्द्र व राज्य सरकार से की। उन्होंने कहा कि जब मुगलसराय का नाम दीनदयाल उपाध्याय किया गया तो दिनकर के नाम पर जिले का नाम क्यों नहीं हो सकता है।

साहित्यकार ने कहा कि अगर किसी कवि को कोट करने की बात आती है तो नेता दिनकर की कविताओं को अपने भाषण में कोट करते हैं। संसद से लेकर सड़क तक दिनकर सबसे अधिक पढ़े जाने वाले कवियों में एक हैं। दिनकरसराय की मांग को लेकर जरूरत पड़ी तो हम धरना प्रदर्शन भी करेंगे। बेगूसराय को दिनकरसराय बनाया जाएगा, तो दिनकर के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

समारोह को संबोधित करते हुए जिला परिषद सदस्य चंदन कुमार ने दिनकर के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। युवा कवि विधान प्रिय रंजन ने मुक्तक कविता सुनाकर दिनकर को श्रद्धांजलि दी। धन्यवाद ज्ञापन दिनकर पुस्तकालय के अध्यक्ष विश्वंभर सिंह ने किया। समारोह को कृष्ण कुमार शर्मा, रामनाथ सिंह, लक्ष्मण देव कुमार, संजीव फिरोज और एके मनीष आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में संस्थान के बच्चों ने दिनकर की कविताओं का पाठ किया। इनमें सबसे छोटे अमन कुमार ने जब दिनकर की कविता का पाठ किया तो सभी मंत्रमुग्ध हो गए। स्वीकृति कुमारी, सपना, मानस कुमार, सुमित कुमार, शिवानी, अभय, आदर्श सहित दस से अधिक बच्चों ने दिनकर की कविताओं का पाठ किया।

दूसरी ओर दिनकर प्लस टू स्कूल में दिनकर जयंती समारोह केक काटकर मनाया गया। इस समारोह की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष कृष्ण कुमार शर्मा और संचालन लक्ष्मणदेव कुमार ने किया। धन्यवाद ज्ञापन रामनाथ सिंह ने किया। अतिथियों का स्वागत स्कूल के प्रभारी प्राचार्य कुलदीप सिंह यादव ने किया।

मौके पर मुख्य अतिथि साहित्यकार ई. कन्हाई पंडित ने दिनकर की कालजयी रचना संस्कृति के चार अध्याय पर विस्तार से प्रकाश डाला। वहीं, युवा साहित्यकार डॉ. अभिषेक कुमार ने बच्चों को दिनकर की कविताओं को पढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि दिनकर की कविताएं जीवन जीने की कला सिखाती है। दिनकर की रचनाओं का केन्द्र बिन्दु कुरुक्षेत्र में है।

नगर निगम की मेयर पिंकी देवी और पूर्व मेयर संजय कुमार ने कहा कि राष्ट्र कवि रामधारी सिंह दिनकर की धरती पर पैदा होना हमारे लिए गर्व की बात है।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व अंचलाधिकारी की बेटी मनचलों से परेशान, FIR दर्ज

**पटना**। पूर्व अंचलाधिकारी के बेटी का मोबाइल नंबर कंप्यूटर ऑपरेटर ने इंटरनेट पर डाल दिया। इसके बाद अलग-अलग नंबरों से परेशान किया जाने लगा। तंग आकर पीड़िता ने बुद्धा कॉलोनी थाने में मामला दर्ज कराकर करवाई करने की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगे की करवाई में जुट गई है। वहीं बुद्धा कॉलोनी थानेदार सदानंद साह ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि पीड़िता ने निर्मल कुमार के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। निर्मल ने इंटरनेट पर मोबाइल नंबर डाल दिया और इसके बाद व्हाट्सएप और फेसबुक पर अश्लील मैसेज भेज कर परेशान किया करता था। उसका स्क्रीन शॉर्ट भी पीड़िता ने उपलब्ध कराया है। इसके आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। आगे की कारवाई की जा रही है। जानकारी के अनुसार निर्मल कुमार को पूर्व अंचलाधिकारी ने



जमुई में कम्प्यूटर ऑपरेटर के लिए काम पर रखा था। इसी दौरान बुद्धा कालोनी आवास पर आना-जाना शुरू कर दिया। घरेलू काम मे भी दखल देना शुरू कर दिया। इस दौरान पूर्व अधिकारी और निर्मल कुमार के बीच बहस भी हुई थी। निर्मल कुमार इसे लेकर एक फर्जी FIR की कॉपी पीड़िता के पति और बहन को भेज दिया था। जमुई SP ने इस कॉपी को फर्जी बताया। वहीं पीड़िता को आशंका है कि निर्मल कुमार मेरी और बहन का नंबर और तस्वीर को एडिट कर अश्लील फोटो इंटरनेट पर डाल सकता है। इसके आधार पर पीड़िता ने मामला दर्ज कराया है। हालांकि पुलिस के अनुसार मामला पहले का है। बावजूद इसके मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

### 2 महीने बाद घर से भागी बच्ची बरामद हुई, पटना स्टेशन पर भीख मांगी

**पटना**। पटना से लापता आठ वर्षीय बच्ची दो महीने बाद मिली है। वह झारखंड के जसीडीह में स्टेशन पर एक युवक को मिली। खगड़िया के रहने वाले युवक ने बच्ची से बातचीत की। उसने फुआ का नंबर बताया। इस नंबर पर युवक ने कॉल लगाया। फिर बातचीत हुई। 30 अगस्त को खगड़िया स्टेशन पर बच्ची के परिजनों ने उसे रिसीव किया। लेकिन, पटना से 11 जुलाई को घर से निकली बच्ची को इस दौरान पटना से लेकर झारखंड के जसीडीह स्टेशन तक भीख मांगनी पड़ी। वह देवघर में मंदिर परिसर के पास भी भीख मांगने को मजबूर हुई। दरअसल, पटना के कदमकुआं थाने में एक



बुजुर्ग महिला (60) ने पोती (8) की गुमशुदगी का मामला 11 जुलाई को दर्ज किया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच का हवाला दिया था। लेकिन, पुलिस उस बच्ची को ढूंढ नहीं पाई। दादी थाने जाकर पूछती भी रही। लेकिन पुलिस की ओर से कोई जवाब नही मिला। जुलाई को पिता की मृत्यु के बच्ची की मां ने उसे भगा दिया था। वह फुआ के घर ओडिशा जाने के लिए ट्रेन पकड़ने पटना जंक्शन पहुंची थी। वहां कुछ लोगों ने उसे पकड़ लिया। फिर भीख मंगवाने लगेष बच्ची कई दिनों तक भीख मांगती रही। स्टेशन के पास ही सो जाती थी। फिर एक दिन ओडिशा जाने वाले ट्रेन में बैठ गई। लेकिन, जसीडीह स्टेशन पर पानी पीने के लिए उतरी तो ट्रेन खुल गई थी।

### रेसर बाइक से चेन स्नैचिंग करता था शाहरुख, सेकेंड हैंड स्पोर्ट्स बाइक खरीदता था

**पटना**। पटना के चेन स्नैचिंग के धंधेबाज शाहरुख को शास्त्रीनगर की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शाहरुख करीब 12 चेन स्नैचिंग के मामले में शामिल रहा है। इस बार दोस्त की वजह से चेन स्नैचिंग मामले में पकड़ा गया। पटना के पीरबहोर थाना, गांधी मैदान थाना, बहादुरपुर थाना, कृष्णापुरी और शास्त्रीनगर थाना क्षेत्र में ज्यादा एक्टिव रहता था। कई बार चोरी और छिनतई के मामले में जेल भी गया है। लेकिन, जेल से निकलने के बाद फिर से यही काम में लग जाता है। आरोपी शाहरुख इस धंधे से आए पैसे से अपना शौक पूरा करता था। गैंग के दूसरे सदस्यों के नाम पर सेकेंड हैंड स्पोर्ट्स बाइक खरीदता था। नंबर बदल कर वारदात को अंजाम देता था। फिर उसको बेच



देता था। शाहरुख अपनी बाइक से अकेले भी चेन स्नैचिंग जैसी घटना को जरूरत पड़ने पर अंजाम देता था। सुबह में वारदात को अंजाम देता था। फिर शाम में खेतान मार्केट में फेरी का दुकान चलाता था। इसकी गिरफ्तारी खेतान मार्केट में एक कपड़े की दुकान से हुई है। शाहरुख ने पूछताछ में दो ज्वेलर्स का भी खुलासा किया है। पुलिस आरोपी दुकानदारों की गिरफ्तारी के लिए पूरे दिन छापेमारी करते रही। लेकिन, ना ही दुकान का पता चला, ना ही दुकानदार का। शाहरुख ने अपने गैंग के किसी सदस्य का नाम नहीं बताया है। लेकिन, उसके दोस्त विक्की सिंह ने पुलिस को गैंग के कुछ सदस्यों का नाम बताया है। पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। 29 अगस्त को एसके पुरी थाना क्षेत्र के रहने वाले अमन चंदू की पत्नी रंजना सुनेवाल के साथ चेन स्नैचिंग हुई थी। महिला से छिनतई में बाइक असंतुलित हो गई थी। महिला और वहां एक दो लोगों ने साहस कर चेन छीनने वालों को पकड़ लिया। लोगों ने उसकी जम कर पिटाई की। इसी बीच शाहरुख चेन ले कर भाग गया। विक्की के निशानदेही पर ही शाहरुख को गिरफ्तार किया गया है

### लैंड सर्वे से स्थिति और बदतर होगी, हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर



**पटना**। राज्य में चल रहे जमीन सर्वे पर रोक लगाने के लिए एक जनहित याचिका पटना हाई कोर्ट में दायर की गई है। वकील राजीव रंजन सिंह ने बुधवार को याचिका दायर की है। याचिकाकर्ता का कहना है कि सर्वे बहुत ही त्रुटिपूर्ण है। कोई कानूनी तंत्र नहीं अपनाया गया है। याचिका में यह भी आरोप लगाया गया है कि वर्तमान सर्वे से स्थिति और बदतर होगी। इसकी वजह से भविष्य में मुकदमेबाजी बढ़ेगी। सर्वे में आने वाली कठिनाइयों की अनदेखी की गई है। याचिकाकर्ता ने 7 सितंबर, 2024 को उक्त मामले में राज्य के मुख्य सचिव तथा राज्य के राजस्व व भूमि सुधार विभाग के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी को अभ्यावेदन देने का काम भी किया है। लेकिन अभी तक कोई जवाब नहीं दिया गया। इसके बाद याचिकाकर्ता ने इस जनहित याचिका को दायर किया। याचिकाकर्ता का यह भी कहना है कि बहुत से ऐसे मामले हैं, जिनमें जमीन पर अधिकार को लेकर अदालत में मामले लंबित हैं। याचिका में राज्य के चीफ सेक्रेटरी और राज्य के राजस्व व भूमि सुधार विभाग के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी को प्रतिवादी बनाया गया है।

# स्मार्ट बिजली मीटर के खिलाफ कांग्रेस ने निकाली न्याय यात्रा

एजेंसी, पटना।

स्मार्ट बिजली मीटर के खिलाफ कांग्रेस सेवा दल ने न्याय यात्रा निकाली। पटना सचिवालय थाना के सामने स्थित सप्तमूर्ति शहीद स्थल पर नेताओं ने सप्तमूर्ति को माल्यार्पण किया और इसके बाद कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह, वरिष्ठ नेता व सांसद तारिक अनवर ने झंडा दिखाकर न्याय यात्रा को रवाना किया। इस अवसर पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि स्मार्ट मीटर के नाम पर बिहार की जनता को ठगने का काम हो रहा है। लोगों को परेशान किया जा रहा है। इसमें इंजीनियर्स भी शामिल हैं। यह बड़ा घोटाला है। हमलोगों ने पहले भी स्मार्ट मीटर की जांच की मांग की थी। यह घर-घर की कहानी है। यह एक-दो गांव या एक-दो जिला की बात नहीं है।



**बिजली मीटर में IAS संजीव हंस फंसेंगे:** तारिक अनवर ने कहा कि स्मार्ट बिजली मीटर और लैंड सर्वे को लेकर लोग काफी परेशान हैं। इसको लेकर राजनीतिक दलों को आगे आना चाहिए। इसलिए कांग्रेस न्याय यात्रा निकाल रही है। कांग्रेस विधायक दल के नेता डॉ. शकील अहमद खान ने कहा कि सरकारी तंत्र के द्वारा अन्याय फैलाया जा रहा है। सेवा दल, सेवा की भावना से काम करती है। पटना से बोधगया की यात्रा तक न्याय यात्रा जा रही है। बिजली मीटर में तो संजीव हंस भी फंसेंगे। जिन-जिन मंत्रियों के यहां ये अफसर रहा है वो मंत्री क्या कर रहे हैं वे इस्तीफा क्यों नहीं दे रहे। विधान सभा में बिजली मिनिस्टर खूब तारीफ कर रहे थे। उनको नहीं पता था कि उनका प्रधान सचिव क्या कर रहा है। वाकई में जांच हो जाए तो बड़े अधिकारी पकड़े जाएंगे। बड़े अधिकारियों पर गाज गिरनी चाहिए।

**प्रथम चरण में बोधगया तक न्याय यात्रा, इसके बाद बाकी विधानसभा में भी जाएंगे:** बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के मुख्य संगठक डॉ. संजय यादव ने कहा कि स्मार्ट मीटर के खिलाफ कांग्रेस सेवा दल सड़क पर उतरा है। प्रथम चरण में यह यात्रा बोधगया तक जाएगी और उसके बाद बिहार के हर विधान सभा में इस मुद्दे के खिलाफ न्याय यात्रा होगी। स्मार्ट बिजली मीटर ने हर व्यक्ति को परेशानी में डाल दिया है। लोग कह रहे हैं कि बिजली बिल में सामान्य से डेढ़ गुना अधिक हो गया है, गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को आर्थिक संकट में डाल रहा है। इसके अलावा, स्मार्ट मीटर की रीडिंग में गड़बड़ी की शिकायतें बढ़ गई हैं। हमारी मांग है कि स्मार्ट मीटर को तुरंत वापस लिया जाए।

♦ अखिलश सिंह ने कहा- यह घोटाला है, डॉ. शकील अहमद खान का दावा- संजीव हंस का इसमें फंसना तय

# राजद सदस्यता अभियान से वीरचंद पटेल पथ पर जाम

एजेंसी, पटना।



पार्टी के कई नेताओं की गाड़ियों का कटा चालान


पटना में आरजेडी कार्यालय के बाहर नो पार्किंग जोन में खड़ी पार्टी के नेताओं की गाड़ियों का चालान काटा गया है। सदस्यता अभियान कार्यक्रम के दौरान वीरचंद पटेल स्थित पार्टी ऑफिस के बाद गाड़ियों का लंबा काफिला लग गया था। ट्रैफिक जाम की स्थिति बन गई। जिसके बाद नए ट्रैफिक एसपी अपराजित लोहान खुद मौके पर पहुंचे और नेताओं की गाड़ियों का चालान काटा।

**आरजेडी हर दिन वीडियो जारी करेगी:** ट्रैफिक विभाग की कार्रवाई पर आरजेडी ने सरकार पर निशाना साधा है। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने कहा कि वीरचंद पटेल पथ पर आरजेडी का सदस्यता अभियान चल रहा था। नेता प्रतिपक्ष खुद मौजूद थे। बाहर कई नेताओं की गाड़ियां लगी हुई थी। बीजेपी और मुख्यमंत्री आवास के निर्देश पर चालान काटा गया। नियम का पालन होना चाहिए। बीजेपी और जेडीयू कार्यालय के बाहर भी कई गाड़ियां लगी रहती है। समानता के भाव के साथ कार्रवाई होनी चाहिए। यह सत्ता की गुलामी नहीं तो क्या है। सत्ताधारी पार्टियों के कार्यक्रम से जुड़ी गाड़ियों का वीडियो आरजेडी हर दिन जारी करेगी। हमारे लोग नियम का पालन करेंगे, लेकिन भेदभाव के साथ नियम पर चुप भी नहीं बैठेंगे। वहीं, इस मामले पर ट्रैफिक एसपी ने कहा कि किसी भी पार्टी के नेता गलत तरीके से गाड़ियां लगाएंगे तो कार्रवाई की जाएगी। हमारे पास कॉमन लोगों ने कंप्लेन किया था। भाजपा के कार्यक्रम में भी नियम का उल्लंघन होगा तो कार्रवाई होगी। अधिकारी भी गलत तरीके से गाड़ी पार्क करेंगे तो चालान कटेगा। उन्होंने आगे कहा कि वीरचंद पटेल पथ काफी महत्वपूर्ण सड़क है। यह फोर लेन सड़क है, लेकिन टू लेन की जगह ही छोड़ी जाती है। नो पार्किंग जोन में गाड़ियां काफी रहती हैं। इससे जाम लगता है। आम लोगों को परेशानी होती है। 15-20 गाड़ियों का चलान काटा है। जो भी मुख्य एरिया से ट्रैफिक से जुड़े कंप्लेन आ रहे हैं। हम वहां जा रहे हैं।

## बिहार के 3 IAS का तबादला, IAS दीपक आनंद बने लेबर सेक्रेट्री

एजेंसी, पटना।

पंचायती राज विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह को मुख्य जांच आयुक्त का प्रभार दिया है। मिहिर कुमार सिंह को 1993 बैच के IAS ऑफिसर हैं। इनके पास पहले से ही खान एवं भूतत्व निगम, खनन विकास निगम लिमिटेड निदेशक और राज्य खनन निगम लिमिटेड के एमडी का प्रभार है। वित्त एक्सपेंडिचर सेक्रेटरी दीपक आनंद को श्रम संसाधन विभाग में सचिव बनाया गया है। दीपक 2007 बैच के IAS ऑफिसर हैं। नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव डॉक्टर आशिमा जैन को वित्त एक्सपेंडिचर सेक्रेटरी के रूप में पोस्टिंग दी गई है। डॉ. जैन 2008 बैच के IAS ऑफिसर हैं। आशिमा जैन को सामान्य प्रशासन विभाग के जांच आयुक्त का भी अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।



दो अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार

**दो IAS अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार:** बिहार शिक्षा परियोजना परिषद के राज्य परियोजना निदेशक कार्तिकेय धनजी को सामान प्रशासन विभाग के जांच आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। कार्तिकेय धनजी के पास बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड के एमडी का भी प्रभार है। कार्तिकेय 2008 बैच के IAS ऑफिसर हैं। गृह सचिव प्रणव कुमार को सामान्य प्रशासन विभाग के जांच आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। प्रवीण कुमार के पास जेल IG का भी अतिरिक्त प्रभार है। प्रणव 2008 बैच के IAS ऑफिसर हैं। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के ISD लक्ष्मण तिवारी को छपरा सदर एसडीओ बनाया गया है।

## IPS शिवदीप लांडे का इस्तीफा, कहा-बिहार में ही रहूंगा

एजेंसी, पटना।

बिहार कैडर के आईपीएस शिवदीप लांडे ने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने इसकी घोषणा सोशल मीडिया पर की है। 2 हफ्ते पहले ही उन्हें तिरहुत रेंज से हटाकर पूर्णिया आईजी बनाया गया था। आईजी बनाए जाने के 2 हफ्ते बाद ही उन्होंने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने फेसबुक पर लिखा- 'मेरे प्रिय बिहार, पिछले 18 वर्षों से सरकारी पद पर अपनी सेवा प्रदान करने के बाद आज मैंने इस पद से इस्तीफा दे दिया है। इन सभी वर्षों में मैंने बिहार को खुद से और अपने परिवार से भी ऊपर माना है।अगर मेरे बतौर सरकारी सेवक के कार्यकाल में कोई त्रुटि हुई हो तो मैं उसके लिए क्षमाप्रार्थी हूं । मैंने आज भारतीय पुलिस सर्विस (IPS) से त्यागपत्र दिया है परन्तु मैं बिहार में ही रहूंगा और आगे भी बिहार मेरी कर्मभूमि रहेगी। जय हिन्द।' तिरहुत जैसे बड़े इलाके से पूर्णिया भेजे जाने पर उनकी नाराजगी की बात चर्चा में थी। अब दो हफ्ते बाद उनका इस्तीफा सामने आ गया है। कुछ दिन पहले



ही लेडी सिंघम के नाम से चर्चित आईपीएस अधिकारी काम्या मिश्रा ने भी निजी कारणों से इस्तीफा सौंप दिया था। बीते 52 दिनों में बिहार में लगातार दूसरे IPS ने इस्तीफा दिया है। इससे पहले 6 अगस्त को IPS काम्या मिश्रा ने इस्तीफा दिया था। नौकरी छोड़ने की वजह उन्होंने निजी कारण बताया था। काम्या मिश्रा बिहार कैडर की 2019 बैच की IPS ऑफिसर थी।

**बिहार में ही रहूंगा:** गुरुवार दोपहर सोशल मीडिया पर आईपीएस शिवदीप लांडे ने जब अपने इस्तीफे की बात कही तो पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। वर्दी में तिरंगे को सलामी देते हुए तस्वीर शेयर करते हुए आईपीएस शिवदीप लांडे ने लिखा - मैंने बिहार को ख़ुद से और अपने परिवार से भी ऊपर माना है। आज भारतीय पुलिस सर्विस (IPS) से त्यागपत्र दिया है परन्तु मैं बिहार में ही रहूंगा और आगे भी बिहार मेरी कर्मभूमि रहेगी। ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि वह बिहार में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के चुनावी जंग में किस्मत आजमाएंगे। बिहार के हर जिले में उनकी बड़ी फैन फॉलोइंग है। ऐसे में वो अगर किसी दल के साथ राजनीति में उतरते हैं तो यूथ आइकॉन के रूप में उसे फायदा निश्चित मिलेगा। लोकसभा चुनाव से पहले भी असम कैडर के IPS और 2011 बैच के अधिकारी आनंद मिश्रा ने इस्तीफा दिया था। उन्होंने बक्सर से चुनाव भी लड़ा, लेकिन हार गए।

♦ यही मेरी कर्म भूमि, 2015 में दुपट्टा ओढ़कर यूपी पुलिस इंस्पेक्टर को घूस लेते पकड़ा था

**2006 बैच के IPS हैं लांडे:** शिवदीप लांडे 2006 बैच के भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी रहे हैं। लांडे मूल रूप से महाराष्ट्र के रहने वाले हैं। बिहार कैडर में रहने के दौरान उन्होंने बिहार के पटना, अररिया, पूर्णिया और मुंगेर जिलों में बतौर एसपी रह चुके हैं। पटना सेंट्रल के एसपी के रूप में वे काफी लोकप्रिय थे।

**मुंगेर में हुई थी पहली पोस्टिंग:** शिवदीप की शादी महाराष्ट्र के मंत्री विजय शिवतारे की बेटी ममता से 2 फरवरी 2014 को हुई। उनकी एक बेटी भी है। शिवदीप लांडे की बिहार में पहली नियुक्ति मुंगेर के नक्सल प्रभावित जमालपुर में हुई थी। पटना में अपने कार्यकाल के दौरान अपनी कार्यशैली के कारण शिवदीप फेमस हुए थे। जनवरी 2015 में शिवदीप पटना के डाक बंगला चौराहे पर घूस मांग रहे इंस्पेक्टर सर्वचंद को फिल्मी अंदाज में दुपट्टा ओढ़कर पकड़ने के मामले में चर्चा में आए थे।

## पटना के जेलों में छापेमारी, मोबाइल जब्त, जेल अधीक्षक से मांगा स्पष्टीकरण, DM-SP के निर्देश पर लिया गया एक्शन

एजेंसी, पटना।

पटना के सभी जेलों में DM और वरीय पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर रेड पड़ी है। छापेमारी के दौरान बाढ़ जेल से एक मोबाइल बरामद हुआ है। जिलाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि जेल अधीक्षक से स्पष्टीकरण मांगा गया है। आखिर जेल में मोबाइल कहां से आया। स्पष्टीकरण नहीं देने पर जेल अधीक्षक पर कार्रवाई भी की जा सकती है। इसके साथ ही निर्देश दिया गया है कि जेल मैनुअल में किसी तरह की गड़बड़ी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई भी की जाएगी। जिलाधिकारी के अनुसार आदर्श के केंद्रीय कारा बेउर, शिविर मंडल कारा फुलवारी, बाढ़, मसौढ़ी, पटना सिटी, दानापुर, अनुमंडल स्थित जेल में छापेमारी की गई है।




**उपकारा बाढ़ में जांच की गई:** बाढ़ जेल में SDM शुभम कुमार और ASP राकेश कुमार के नेतृत्व में छापेमारी की गई। छापेमारी दल में बाढ़ SDPO-2 अभिषेक सिंह, बाढ़ थानाअध्यक्ष अरुण कुमार सिंह समेत कई थानों की पुलिस शामिल थी। महिला और पुरुष वार्ड की सघन तलाशी ली गई। SDM ने बताया कि उपकारा बाढ़ में जांच की गई, जिसमें एक मोबाइल और नशा करने के सामग्री के साथ ऑब्जेक्ट्स को जब्त किया गया है। जब्ती सूची बनाकर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। मोबाइल को सेल के बाहर छुपाकर रखा गया था, जिसमें सिम कार्ड नहीं लगा है। मोबाइल स्विच ऑफ कर रखा गया था। इसकी जांच की जा रही है।

**माओवादी नेता ने लगाए थे भ्रष्टाचार के आरोप:** बता दें कि पटना के बेउर जेल में बंद माओवादी नेता विजय आर्या ने NIA के स्पेशल जज के समक्ष भ्रष्टाचार और अनियमितता को लेकर एक आवेदन दिया था। इस दौरान उसने जेल प्रशासन की मिलीभगत से दबंग कैदियों के द्वारा पैसे का खेल और वार्ड की बिक्री समेत अन्य कई गंभीर आरोप लगाए थे। इसे लेकर कोर्ट ने पटना SSP और DM के साथ बैठक कर जेल में हो रहे भ्रष्टाचार को लेकर सवाल-जवाब किया था, लेकिन जेल प्रशासन ने विजय आर्य पर आरोप लगाकर बेउर जेल से बक्सर जेल ट्रांसफर कर दिया।

## IAS संजीव हंस ने हवाला के जरिए दिए 2.44 करोड़

एजेंसी, पटना।

आईएएस संजीव हंस, राजद के पूर्व विधायक गुलाब यादव समेत 13 पर एसवीयू ने भ्रष्टाचार से आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का केस दर्ज कर लिया है। एसवीयू (स्पेशल निगरानी यूनिट) ने 14 सितंबर को केस दर्ज कर लिया। दर्ज केस में आरोप है कि महिला वकील को हवाला के जरिए संजीव हंस ने 2 करोड़ 44 लाख दिए हैं। महिला वकील को 2.44 करोड़ की चल और अचल संपत्ति एक्स आर्मी मेन प्रोटेक्शन सर्विस से जुड़े सुनील कुमार सिन्हा ने दिया है। हंस पर आरोप है कि उन्होंने महिला वकील को लखनऊ में 90 लाख का फ्लैट दिया। यह रकम सुनील के अलावा दिव्या प्रकाश और एस.राज पर देने का आरोप है। इन्होंने महिला वकील



को लखनऊ में फ्लैट की खरीदारी के लिए 21 फरवरी 2022 से 8 मार्च 2022 के बीच 90 लाख कैश अलग अलग खाते से दिए हैं। यह वही महिला वकील है जिन्होंने संजीव हंस और गुलाब यादव पर गैंगरेप का आरोप लगाया था। दर्ज केस में संजीव हंस और गुलाब यादव पर आरोप है कि दोनों महिला वकील को चुप रहने के लिए हर माह खर्च के लिए 2 लाख देते थे। सुनील सिन्हा से ईडी दो बार पूछताछ कर चुकी है।

# दियारा इलाके में बाढ़ से परेशानी, पलायन शुरू, परिवार और मवेशी को सुरक्षित जगहों पर लेकर जा रहे लोग

♦ ग्रामीण बोले- राहत-बचाव कार्य अभी तक शुरू नहीं हुआ

एजेंसी, पटना।

पटना के दानापुर दियारा में गंगा के बढ़ते जलस्तर को लेकर हालात बिगड़ते ही जा रहा है। गुरुवार की सुबह भी गंगा खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। दियारा के निचले और तटवर्ती इलाकों के घरों में बाढ़ का पानी तीन से चार फीट पानी घुस गया है। इसको देखते हुए बुधवार की शाम से कासीमचक पंचायत के दर्जनों परिवार नाव से अपने पशुओं को लेकर पीपा पुल घाट पहुंचे है। दियारा के कसीमचक निवासी बाढ़ के विकराल रूप देखकर अपने घर छोड़कर दानापुर आने लगे हैं। लोगों ने बताया कि घरों में दो फीट पानी घुस गया है। अभी तक प्रशासन द्वारा बचाव और राहत कार्य शुरू नहीं किया गया है। इससे लोगों में नाराजगी है। दियारा की छह पंचायतों के दर्जनों गांव बाढ़ से घिरे हुए हैं।

**2016 में बाढ़ की स्थिति थी वैसी ही स्थिति बन गई है:** दियारा से पलायन कर दानापुर पहुंची शिखा कुमारी ने बताया कि हमलोगो का घर पूरी तरह से डूब गया है। दिलीप कुमार ने बताया कि बाढ़ के कारण हमलोगों की जिंदगी खतरे में थी। इसके कारण नाव का सहारा लेकर हमलोग दानापुर पहुंचे हैं। अभी तक प्रशासन का ध्यान इस ओर नहीं है। जिस तरह से वर्ष 2016 में बाढ़ की स्थिति थी वैसी ही स्थिति बन गई है। बाढ़ का पानी घर में घुसने के बाद लोग मचान बनाकर पूरे परिवार के साथ रतजगा कर रहे हैं। वहीं, नाविक मनमाना भाड़ा मांग रहे हैं। बाढ़ से घिरे दियारे की पुरानी पानापुर, हेतनपुर, गंगहरा, पतलापुर, मानस और अकिलपुर



पंचायतों के दर्जनों गांवों के लोग राहत की आस लगाए हुए हैं। दियारे के छह पंचायतों का प्रखंड मुख्यालय से संपर्क भंग हो गया है। सड़कों पर तीन-चार फुट गंगा का पानी बह रहा है। इससे यातायात पूरी तरह से बाधित हो गया है। नियंत्रण केंद्र के अनुसार बुधवार को गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से डेढ़ फुट ऊपर था। दर्जनों परिवार नाव से अपने पशुओं को लेकर पीपा पुल घाट पहुंचे है। दियारा के कसीमचक निवासी बाढ़ के विकराल रूप देखकर अपने घर छोड़कर दानापुर आने लगे हैं।

**बाढ प्रभावित घरों और पशुओं का आंकलन करने का निर्देश:** बुधवार को शाम में देवानानाला पर गंगा का जल स्तर 169.50 फीट रिकॉर्ड किया गया था। बाढ़ पीड़ितों का कहना है कि अभी तक प्रशासनिक स्तर पर राहत और बचाव कार्य शुरू नहीं किया गया है। SDO दिव्या शक्ति ने बताया कि CO-BDO के साथ SDRF की टीम ने बाढ प्रभावित गांवों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि सीओ को बाढ प्रभावित घरों और पशुओ का आंकलन करने का निर्देश दिया गया है। सरकारी स्तर पर नाव परिचालन करने के लिए भी सूची बनाने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि दियारा में गर्भवती महिलाओं की सूची ANM के माध्यम से बनाने के लिए BDO को निर्देश दिया गया है। उन लोगों को नाव से सरकारी अस्पताल में लाने के लिए व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है। राहत शिविर को चिह्नित कर लिया गया है। जैसे ही जिला प्रशासन से निर्देश मिलेगा, शिविर को चालू कर दिया जाएगा। वहीं दानापुर नासरीगंज घाट से आज से 8 सरकारी नावों का परिचालन सुबह 8 बजे से किया जाएगा, जो दियारा के अलग-अलग इलाकों में जाएगी।

संक्षिप्त समाचार

## दिव्यांगों को ट्राई साइकिल मिलने से खिल उठे उनके चेहरे

**चा० भूमि मधुबनी।** डीएम के निर्देशानुसार सदर अनुमंडल पंडौल में आज ट्राइसाइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन अनुमंडलीय बुनियाद केंद्र में किया गया। जिसमें 20 लाभुकों को कॉल करके बुलाया गया, लेकिन उसमें से सिर्फ 12 लाभुक ट्राइसाइकिल लेने आए। वितरण समारोह का कार्यक्रम आशीष अमन के द्वारा हरी झंडी दिखा कर किया गया। बताते चलें कि वितरण के पहले लाभुकों को ट्राइसाइकिल चलाने का प्रशिक्षण भी दिया गया, जिसके पश्चात ट्राइसाइकिल वितरण किया गया। साथ ही लाभुकों को यूडीआईडी बनाने हेतु जानकारी उपलब्ध कराई गई तथा सहायक निदेशक के द्वारा बताया गया कि आने वाले समय में यूडीआईडी दिव्यांगों के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज साबित होगा, जिसके उपरांत पेंशन एवं अन्य लाभ मिल पाएंगे। आगे आपको बता दें कि बैटरी चालित ट्राइसाइकिल हेतु आवेदन ऑनलाइन माध्यम से किया जाता है, जिसके लिए न्यूनतम 60% दिव्यांगता अनिवार्य है तथा आय (2 लाख रुपए से कम) एवं साथ ही निवास प्रमाण पत्र रोजगार/अध्ययन प्रमाण पत्र के साथ देना होगा।

## सत्रह लीटर चुलाई शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

**चा० भूमि मैनाटांड।** भंगहा पुलिस ने बुधवार की रात को धुमाटांड सिसवा पुल के पास से चुलाई शराब के साथ एक धंधेबाज गिरफ्तार कर गुरुवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। भंगहा थानाध्यक्ष राहुल प्रसाद मांझी ने बताया कि एक व्यक्ति संदिग्ध हालात में बुधवार की रात धुमाटाड़ सिसवा पुल के पास मिला।जिसे पुलिस टीम के द्वारा रोक कर उसकी तलाशी ली गयी।तलाशी के दौरान धराये संदिग्ध व्यक्ति के पास से बोरा में सत्रह लीटर देशी चुलाई शराब बरामद किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि चुलाई शराब के साथ धराये धंधेबाज की पहचान थाना क्षेत्र के धुमाटाड़ निवासी सुरेश्वर उरांव के रूप में की गयी । जिसके विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि शराबबंदी कानून को सख्ती से लागू कराने के लिए पुलिस प्रयासरत है।

## निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**चा० भूमि,वाल्मिकि नगर।** एसएसबी कैंप गंडक बराज के द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत संत जेवियर्स स्कूल वाल्मिकी नगर में बच्चों के बीच निबंध, कविता तथा चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसमे स्कूल के करीब 75 बच्चों ने भाग लिया। छात्र छात्राओं ने एक से बढ़कर एक अपनी अपनी कलाओं का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर एसएसबी के निरीक्षक प्रदीप कुमार मंडल ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगो में बच्चो के माध्यम से स्वच्छता का प्रचार प्रसार करना और अमल करना है। इस अवसर पर मुख्य आरक्षी पूर्ण चंद नायक, अमित, रंजीत, प्रेम ,राज कुमार , रविन्द्र तथा स्कूल के तरफ से अमरनाथ सिंह , आकाश, फरहान ,धीरज और करीब 75 बच्चे उपस्थित रहे।

## नगर निगम के शहरी क्षेत्र में नियमित टीकाकरण को लेकर टास्क फ़ोर्स की बैठक आयोजित



**मोतिहारी।** नगर निगम मोतीहारी शहरी क्षेत्र में नियमित टीकाकरण के उच्च मानदंड को व्यवस्थित और बेहतर करने को लेकर महापौर प्रीति कुमारी की अध्यक्षता में अर्बन टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन नगर निगम कार्यालय के महापौर चैंबर में किया गया। बैठक में डब्ल्यूएचओ एसएमओ पूर्वी चम्पारण के डॉ मनोज तुमराडा ने नगर के भौगोलिक क्षेत्र और उसके अनुसार बेहतर टीकाकरण की योजना के बारे में मेयर व आयुक्त को विस्तृत जानकारी दी। डॉ मनोज ने नगर के स्लम चिन्हित स्थानों पर टीकाकरण के लिए आवश्यक सर्वे रजिस्टर, ड्यू के बेहतर किया जाने को आवश्यक बताया। वहीं मौके पर महापौर प्रीति कुमारी ने कहा की बच्चों को कई प्रकार की बीमारियों से बचाव हेतु नियमित टीकाकरण कराया जाना बेहद आवश्यक है। वहीं उन्होंने बताया की इसकी शुरुआत वो अपने वार्ड से ही करना चाहती है। उन्होंने कहा की निगम द्वारा स्वास्थ्य विभाग को प्रचार प्रसार में हर सम्भव सहयोग की जाएगी। इसके लिए समय समय पर बैठक भी आयोजित कराई जाएगी। नगर आयुक्त सुमन सौरभ यादव ने बताया कि बेहतर टीकाकरण, पल्स पोलियो अभियान व डेंगू से शहर वासियों की रक्षा हेतु बैनर, पोस्टर, होर्डिंग व गाड़ियों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाएगा।उन्होंने बताया की फॉगिंग मशीन को गलियों व सभी जगह चलाए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया की स्वास्थ्य के मुद्दों पर वार्ड पार्षद भी इसमें बढ़ - चढ़ कर सहयोग करें इस हेतु निगम के तरफ से पत्र लिखा जाएगा।डीआईओ डॉ शरतचंद्र शर्मा ने बताया की शहर में दो टीकाकरण सेशन साईट को मॉडल केंद्र बनाया जायेगा, इसके बाद सभी वार्ड के एक सेशन साईट को मॉडल बनाया जायेगा। डॉ तुमराडा के आग्रह पर सभी वार्ड पार्षद का टीकाकरण पर कार्यशाला आयोजित करने का आश्वासन नगर आयुक्त सुमन सौरभ यादव ने दिया। बैठक में सिविल सर्जन डॉ विनोद कुमार सिंह, महापौर प्रीति कुमारी, नगर आयुक्त सुमन सौरभ यादव, उपमहापौर लालबाबू प्रसाद, एसीएमओ डॉ श्रवण कुमार पासवान, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ शरतचंद्र शर्मा, डब्ल्यूएचओ के डॉ मनोज तुमराडा, अंजुमन ईस्लामिया के डॉ परवेज, युनिसेफ के डॉ धर्मेन्द्र, एनएचएम के मो अमानुल्लाह, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी ज्ञानप्रकाश, डॉ सुनील कुमार, भीडीसीओ रविंद्र कुमार, डब्लूएचओ के नरोत्तम कुमार, सुमीत कुमार, पुष्पा कुमारी, अरुण कुमार, सीफार के सिद्धान्त कुमार व अन्य उपस्थित थे।

## टेंपो चालक ने बाइक में मारी ठोकर, बाइक सवार की हुई मौत

**तेतरिया, पू.च।** टेंपो ने बाइक में ठोकर मार कर बाइक सवार को मौत की निंद सुला दिया। राजेपुर थाना क्षेत्र के नकरदेवा चिमनी के पास गुरुवार को सुबह 7 बजे टेंपो ने बाइक में ठोकर मारी बाइक पर बैठे बहुआरा गोपीसिंह पंचायत के वार्ड नंबर 13 के नकरदेवा गांव के ब्रजकिशोर साह के 22 वर्षीय पुत्र रवि कुमार की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। ग्रामीणों ने टेम्पो को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। चालक भागने में सफल रहा। टेंपो कदमा गांव के अमर लाल चौधरी का बताया जा रहा है। सूचना मिलते ही राजेपुर थाने के दरोगा श्याम बिहारी सिंह ने पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी सदर अस्पताल भेज दिया है। घटना से परिजनों में चीख-पुकार मच गया है।

# मिल्लत कॉलेज में स्वभाव और संस्कार स्वच्छता पर कार्यक्रम

**चा० भूमि दरभंगा**

मिल्लत कॉलेज, दरभंगा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में "स्वच्छता ही सेवा-2024" के अंतर्गत "स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता" थीम पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य प्रोफेसर मो. इफ्तेखार अहमद ने करते हुए कहा कि सभी को स्वच्छता का पालन करना चाहिए, क्योंकि स्वच्छ रहने के लिए स्वच्छता नितांत आवश्यक है।

न उन्होंने छात्र- छात्राओं से महाविद्यालय प्रांगण के साथ अपने आपको तथा आस- पास के वातावरण तथा सार्वजनिक स्थलों को भी स्वच्छ बनाए रखें। भौतिकी विभागाध्यक्ष प्रो. महेश चंद्र मिश्रा ने कहा कि स्वच्छता अभियान की सहायता से लोगों में साफ- सफाई तथा स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा सकता है। संकल्प लेना चाहिए कि हम अपने वातावरण तथा पर्यावरण को स्वच्छ रखकर गांधी जी के सपनों को साकार करेंगे। वनस्पति विभागाध्यक्ष डॉ. मुस्तफा कमाल अंसारी ने कहा कि हमें व्यक्तिगत स्वच्छता पर विशेष ध्यान देते हुए अपने परिवेश को भी स्वच्छ बनाए रखने की कोशिश करनी चाहिए, क्योंकि स्वच्छता के बिना हम अच्छे स्वास्थ्य की कामना नहीं कर सकते। वहीं कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. सोनी शर्मा ने प्रधानमंत्री द्वारा चलाए गए स्वच्छता अभियान के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत किए जा रहे कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। फिर उन्होंने स्वयंसेवकों से इसमें बढ़- चढ़कर भाग लेने तथा लोगों को जागरूक करने का आह्वान किया।आगे रसायनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सियाराम प्रसाद ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त रखने की आज सबसे अधिक आवश्यकता है। कार्यक्रम में स्वयंसेवक - उजमा, सल्तनत, फैज, मो.आकिब, अफसार, ताहिरा, सहबुदीन आदि ने अपने विचार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में डॉ. जमशेद आलम, डॉ. शाहनवाज आलम, डॉ. मुन्ना शाह, डॉ. अमृता प्रियदर्शनी, डॉ. राधा नारायण, डॉ. शगुफ्ता निगार, डॉ. साजिल आदि शिक्षक- शिक्षकेतर कर्मचारी और काफी संख्या में छात्र-छात्राएं और राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक उपस्थित थे।

## कृषि यांत्रीकरण योजना की स्वीकृति हेतु ऑनलाईन लौटरी का हुआ आयोजन



**चा० भूमि मोतिहारी**

आज गुरुवार को छतौनी कृषि कार्यालय स्थित कृषि सभागार मोतिहारी में यसवंत कुमार वरीय उप समाहर्ता की अध्यक्षता में कृषि यंत्रीकरण योजना अंतर्गत 2024-25 मे स्वीकृति हेतु ऑनलाइन लॉटरी का आयोजन किया गया।जिसमें किसानों द्वारा ऑनलाइन किये गये आवेदन का लॉटरी के माध्यम से स्वीकृति पत्र निर्गत किया।किसानों द्वारा 5888 आवेदन किया गया था।मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी, सहायक निदेशक कृषि अभियंत्रण,सहायक निदेशक बीज विलेषण, सहायक निदेसक रसायन,सहायक निदेसक पौधा संरक्षण ,किसान आदि मौजूद थे।

## जीविका कैडर संघ ने जिला प्रशासन और सरकार तक रखी अपनी मांग

**चा० भूमि मधुबनी**

मधुबनी जिले के जयनगर में बिहार प्रदेश जीविका कैडर संघ ने महिला सशक्तिकरण, नारी उत्पीड़न और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एवं गांवों की तस्वीर और तकदीर बदल रही दीदियों ने अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए। चाहे वह केंद्र सरकार या बिहार सरकार से दिया गया जो भी सरकारी योजना या मिशन हो, उनमें जीविका कैडरो संघ ने अपनी और से विकास कार्यों में कोई कसर नहीं छोड़ी है। फिर भी सरकार उनकी मांगों को पूरा करने में विफल साबित हुई है। अपनी मांगों के लेकर जीविका कैडर संघ के सदस्य और जीविका दीदियों ने जिला परिषद सदस्या अंजली कुमारी को लिखित आवेदन देकर अपनी मांगों को लेकर अवगत कराया गया है।

आगे बताते चलें कि जीविका कैडर संघ ने विद्यालय स्वच्छता मिशन, शराबबंदी, मानव श्रृंखला, मनरेगा सर्वेक्षण, वृक्षारोपण, दीदी की रसोई तथा शौचालय निर्माण आदि सबों में जीविका ने जमीनी स्तर पर काम करने वाले कार्यकर्ताओं (कैडरो) और जीविका दीदियों ने बढ़- चढ़कर इसमें हिस्सा लिया और अपना योगदान दिया है। इसको लेकर जीविका कैडर ने मिलने वाली सरकारी राशि में भारी कटौती होने पर सरकार का विरोध जताते हुए कहा है कि हमें अपने जीवनयापन में होने वाले खर्च की कमी को पूरा करने की मांग तथा अन्य मनरेगा के तहत् कई मांगों के लेकर जिला परिषद सदस्या के समक्ष सभी जीविका दीदियों रिंकू देवी, रानी कुमारी, पुष्पा देवी, माला देवी, रेखा देवी, राधा कुमारी, नीलम देवी, रेणु देवी सहित अन्य ने अपनी बातों से अवगत कराते हुए सरकार और जिला प्रशासन तक अपनी बातों को पहुंचाने हेतु लिखित आवेदन भी दिया। तो वही, जिला परिषद सदस्या अंजली कुमारी ने जीविका कैडर संघ और जीविका दीदियों की मांगो को लेकर जिला प्रशासन और सरकार तक रखी गई मांगों को पहुंचाने की बात कहते हुए अपनी और से जीविका दीदियों को भरोसा दिलाया।

## जिलाधिकारी व एसपी ने संयुक्त रुप से सेंट्रल जेल में किया छापेमारी

**चा० भूमि मोतिहारी**

गुरुवार की अहले सुबह जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल व एसपी स्वर्ण प्रभात ने संयुक्त रुप से सेंट्रल जेल मोतिहारी में छापेमारी किया और अनेक आपत्तिजनक सामान बरामद किया। इस दौरान अधिकारी ने सभी वार्डों की गहण पडताल किया और विभिन्न वार्डों से कैंची, चाकू, बेल्ट व संदिग्ध मोबाइल नम्बर बरामद किया है। अधिकारी ने वार्डों से आपत्तिजनक सामान बरामद होने पर जेल अधीक्षक को जमकर फटकार लगाया और आगे से निगरानी रखने का निर्देश दिया।छापेमारी के दौरान सदर



» कई आपतिजनक सामान बरामद

अनुमंडल पदाधिकारी श्वेता कुमारी, सहायक पुलिस अधीक्षक सह सदर-1 के डीएसपी शिखर चौधरी सहित बडी संख्या में जिला प्रशासन व पुलिस पदाधिकारी व जवान शामिल थे। यह विशेष अभियान बिहार के सभी काराओं में एक साथ चलाया गया है। उक्त छापेमारी करीब तीन घंटे तक चला है, जहां मोतिहारी सेंट्रल जेल से उक्त आपत्तिजनक सामान बरामद किया गया है।

## शहरी क्षेत्र में नियमित टीकाकरण को लेकर बैठक आयोजित

» नियमित टीकाकरण के बढ़ावा हेतु होगा शहरी क्षेत्र में प्रचार- प्रसार पल्स पोलियो अभियान, व डेंगू से सुरक्षा को लेकर फैलाई जाएगी जागरूकता

**चा० भूमि मोतिहारी**



नगर निगम मोतीहारी शहरी क्षेत्र में नियमित टीकाकरण के उच्च मानदंड को व्यवस्थित और बेहतर करने को लेकर महापौर प्रीति कुमारी की अध्यक्षता में अर्बन टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन नगर निगम कार्यालय के में की गई। बैठक में डॉ मनोज तुमराडा ने नगर के भौगोलिक क्षेत्र और उसके अनुसार बेहतर टीकाकरण की योजना के बारे में मेयर व आयुक्त को विस्तृत जानकारी दी। डॉ मनोज ने नगर के स्लम और चिन्हित स्थानों पर टीकाकरण के लिए आवश्यक सर्वे रजिस्टर, ड्यू के बेहतर किया जाने को आवश्यक बताया।

महापौर प्रीति कुमारी ने कहा की बच्चों को कई प्रकार की बीमारियों से बचाव हेतु नियमित टीकाकरण कराया जाना बेहद आवश्यक है। उन्होंने बताया की इसकी शुरुआत वो अपने वार्ड से ही करना चाहती है। उन्होंने कहा की निगम द्वारा स्वास्थ्य विभाग को प्रचार प्रसार में हर सम्भव सहयोग की जाएगी। इसके लिए समय समय पर बैठक भी आयोजित कराई जाएगी।

नगर आयुक्त सुमन सौरभ यादव ने बताया कि निगम क्षेत्र में नियमित टीकाकरण की व्यवस्था, पल्स पोलियो अभियान में प्रचार- प्रसार के सहयोग के साथ ही डेंगू से शहर वासियों की रक्षा हेतु बैनर, पोस्टर, होर्डिंग व गाड़ियों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाएगा।उन्होंने फॉगिंग मशीन को गलियों व सभी जगह चलाए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया की स्वास्थ्य के मुद्दों पर वार्ड पार्षद भी इसमें बढ़ - चढ़ कर सहयोग करें इस हेतु निगम के तरफ से पत्र लिखा जाएगा।

## वन विभाग ने मगरमच्छ का किया गया रेस्क्यू

**चा० भूमि वाल्मीकिनगर**



वी टी आर क्षेत्र मे लोगों के बीच बाघ के साथ ही मगरमच्छ का खौफ भी बढ़ते जा रहा है। वनकर्मी लगातार लोगों को सुरक्षित रखने का प्रयास कर रहे है इसी क्रम में वाल्मीकि नगर थाना क्षेत्र के भौजी तालाब में वन विभाग की टीम ने चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद एक मगरमच्छ पकड़ने में कामयाब हुई। मगरमच्छ मिलने की जानकारी मिलते ही दर्जनों की संख्या में ग्रामीण तालाब के आसपास इक्ट्ठा हो गए ।

इस बाबत वाल्मीकि नगर रेंजर राजकुमार पासवान ने बताया कि मगरमच्छ को गंडक नदी में छोड़ दिया गया। बारिश ज्यादा होने की वजह से नदी नाले उफान पर थे और तेज बहाव की वजह से मगरमच्छ इस क्षेत्र में आ गया था। हालांकि ग्रामीण इसे देखकर काफी भयभीत भी हुए थे लेकिन वन विभाग ने रेस्क्यू कर उसे नदी में छोड़ दिया है। मगरमच्छ को पकड़ने के लिए वनकर्मियों को जमकर पसीना बहाना पड़ा। बता दें कि इस तालाब में दो मगरमच्छों ने काफी समय से डेरा डाल रखा था। वहीं, इन मगरमच्छों की दहशत से ग्रामीण अपने बच्चों को भी घर से बाहर निकलने नहीं देते रहे थे ।

# बाघ ने बकरी का किया शिकार, लोगों में भय व्याप्त

**चा० भूमि मैनाटाड़**

मानपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरैनिया गांव मे चर रही बकरियों के झुंड में से बाघ ने एक बकरी का शिकार कर लिया है। जबकि ग्रामीणों का कहना है कि अन्य नौ बकरियों को बाघ ने गन्ना के खेत में रोक कर रखा है। वहीं मंगुराहा वन रेंज के प्रभारी रेंजर सुजीत कुमार ने बताया है कि बाघ के द्वारा एक बकरी का शिकार किया गया है।

अधिकारियों और कर्मियों के द्वारा जांच में भी बाघ के द्वारा एक बकरी मारे जाने की सबूत मिले हैं। उधर मानपुर थानाध्यक्ष अजय कुमार चौधरी भी सूचना मिलते ही गुरूवार के सुबह घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जानकारी लेते हुये ग्रामीण लोगों को बाघ से बचाव को लेकर आवश्यक जानकारी भी दि। ग्रामीणों ने बताया कि पुरैनिया गांव के उत्तर सरेह में बुधवार की शाम को अलगु बीन की बकरियां चरने गयी थीं। अचानक कुछ बकरियां गायब हो गयी। काफी

» दरहवा सरेह में एक दिन पूर्व बाघ के द्वारा इनरदेव महतो का मारे जाने के बाद लोगों में बाघ को लेकर दहशत है

खोजबीन के बाद बकरियों का पता नहीं चला। गुरुवार के सुबह सुखल महतो के गन्ना के खेत के पास एक बकरी शव देखा गया। सूचना पर जब ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो ईख के खेत में बाघ के पगमार्क देख लोगों के होश उड़ गये। ग्रामीणों ने बताया कि पूरी संभावना है कि जंगल से भटक कर बाघ इधर के सरेह में आ गया है। पदचिन्ह देखने से पता चल रहा है कि बाघ ईख के खेत में ही डेरा डाले हुए हैं। वहीं गायब अन्य बकरियों को भी अपने कब्जे में कर गन्ना के खेत में रखा है। ग्रामीणों ने बताया कि बाघ के भय से हम सभी खेतों की तरफ जाना छोड़ दिये हैं । इस सम्बंध में मंगुराहा वन क्षेत्र के प्रभारी रेंजर सुजीत कुमार ने बताया कि ग्रामीणों के द्वारा बाघ के पगमार्क देखे जाने और बकरियों के खा जाने की सूचना मिली है। जांच में एक बकरी को बाघ के द्वारा खाने का मामला सही पाया गया है। ग्रामीणों के द्वारा अन्य बकरियों के भी खाये जाने की बात की जांच करायी जा रही है। उन्होंने बताया कि बाघ से बचने के लिए लोगों को भी जागरूक किया जा रहा है कि अपने खेतों की तरफ अकेले नहीं जायें। खासकर शाम और रात में बिल्कुल सरेह में नहीं जायें।माइकिंग भी कराकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि मानपुर से सेट सहोदरा थाना अंतर्गत वन बेरिया गांव से उत्तर दोरहम नदी के समीप दरहवा सरेह में बाघ के द्वारा इनरदेव महतो का मारे जाने के बाद लोगों में बाघ को लेकर दहशत है। दोपहर बाद जंगल से सटे गांव की सड़के सूनी हो जा रही है। शाम होते-होते सभी लोग अपने-अपने घरों में दुबक जा रहे हैं ।

## नीलामपत्र वाद के मामलों का यथाशीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाए- जिलाधिकारी

**चा० भूमि मोतिहारी**



जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल के द्वारा समाहरणालय स्थित डॉ राधाकृष्णन सभागार में विभागीय पदाधिकारी,अनुमंडल पदाधिकारी, डीसीएलआर, अंचल अधिकारी एवं बैंकर्स के साथ नीलामपत्र वाद के लंबित मामलों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि नीलामपत्र वाद से जुड़े हुए सभी दंडाधिकारी नियमित रूप से कोर्ट कर मामलों का यथाशीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करें। डीएम ने कहा कि प्रत्येक सप्ताह में कम से कम दो दिन मंगलवार और शुक्रवार को इससे संबंधित कोर्ट किया जाए। कोर्ट के माध्यम से सभी संबंधितों को नोटिस जारी की जाए। नोटिस का तामिला संबंधित बैंक के माध्यम से कराए जाने का निर्देश दिया गया। डीएम ने कहा कि अगर जरूरत पड़े तो वारंट भी जारी किया जाए। जारी किए गए वारंट की तमिला थाना के माध्यम से कराई जाए। बैठक में उपस्थित एलडीएम ने बताया कि जिला में संचालित विभिन्न बैंकों के लगभग बीस हजार से अधिक मामले नीलमपत्र वाद दायर है जिसमें सबसे अधिक भारतीय स्टेट बैंक, बैंक आफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक एवं सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया से संबंधित मामले हैं। डीएम ने कहा कि बैंक के बड़े बकायेदारों को चिन्हित करते हुए उनके मामले के निष्पादन को प्राथमिकता दी जाए। बैठक में उपस्थित बैंक के प्रतिनिधियों से कहा गया कि एलडीएम के माध्यम से दायर नीलामपत्र वाद की सूची सन्निहित राशि के साथ जिला नीलाम पत्र शाखा को भेज दी जाए।उन्होंने कहा कि जिन मामलों का निष्पादन हो गया है या राष्ट्रीय लोक अदालत में समझौता हो गया है, उसकी सूची/ सूचना भी भेज दी जाए। डीएम के द्वारा सभी बैंकर्स को इस मामले में सहयोगात्मक रवैया अपनाने की बात कही गई।इसी बैठक में उपस्थित सभी अंचलाधिकारियों को आपदा में मृत व्यक्ति से संबंधित अभिलेख जिला आपदा प्रबंधन शाखा को शीघ्र भेज देने का निर्देश दिया गया जिस मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त हो गया है। डीएम ने कहा कि आपदा पीड़ित परिवार को राहत पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। बैठक में उपस्थित जिला के सभी अनुमंडल पदाधिकारी को ग्रामीण कार्य विभाग के सभी पथों की जांच करने का निर्देश दिया गया जो अभी मेंटेनेंस अवधि में है। सभी एसडीओ को नगर क्षेत्र में भ्रमण कर वेंडिंग जोन के लिए पथों के किनारे स्थल चिन्हित करने का निर्देश दिया गया।सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं के लिए भू अर्जन को गति देने हेतु जिला भू अर्जन पदाधिकारी को खेसरा पंजी बनवा देने का निर्देश दिया गया।रक्सौल हवाई अड्डा एवं हाजीपुर सुगौली रेल परियोजना के संदर्भ में यह निर्देश दिया गया। इससे संबंधित अंचल अधिकारियों को सभी प्रक्रिया पूर्ण करते हुए संबंधित रैयतों का एलपीसी निर्गत करने का निर्देश अंचल अधिकारियों को दिया गया।बैठक में जिलाधिकारी के साथ अपर समाहर्ता सह प्रभारी उप विकास आयुक्त मुकेश कुमार सिंहा,अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन सह प्रभारी नीलामपत्र वाद राजेश्वरी पांडे, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, डीसीएलआर, अंचलाधिकारी, एलडीएम एवं बैंको के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# चेन्नई टेस्ट: रविचंद्रन अश्विन ने लगाया करियर का छठा शतक

### जडेजा शतक के करीब, जयसवाल ने भी खेली अर्धशतकीय पारी

**एजेंसी, चेन्नई**



हरफनमौला रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा के शानदार बल्लेबाजी की बदौलत भारत ने यहां एमए चिदंबरम स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के पहले दिन का खेल खत्म होने पर 6 विकेट पर 339 रन बना लिए हैं। अश्विन 102 और जडेजा 86 रन बनाकर नाबाद हैं। भारतीय टीम एक समय 144 रनों पर 6 विकेट खोकर संघर्ष कर रही थी, इसके बाद अश्विन और जडेजा ने मोर्चा संभाला और बांग्लादेशी गेंदबाजों की जमकर खबर ली। अश्विन ने इस दौरान 108 गेंदों पर शतक लगाया, जो उनके टेस्ट करियर का सबसे तेज और छठा शतक है, अश्विन साथ ही उनके करियर का छठा शतक भी है। अश्विन 112 गेंदों पर 10 चौके और 2 छक्के की बदौलत 102 रन बनाकर नाबाद हैं। दूसरी तरफ जडेजा ने भी अच्छी बल्लेबाजी की और अपना अर्धशतक पूरा किया। जडेजा 117 गेंदों पर 10 चौके और 2 छक्के की बदौलत 86 रन बनाकर नाबाद हैं। दोनों के बीच सातवें विकेट के लिए अब तक 227 गेंदों में 195 रनों की साझेदारी हो चुकी है। इससे पहले बांग्लादेश ने हरी होने और तेज गेंदबाजों की मददगागर पिच पर टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बांग्लादेश को इसका फायदा भी मिला, जब हसन महमूद ने कप्तान रोहित शर्मा (06), शुभमन गिल (00) और विराट कोहली (06) को केवल 34 रन के स्कोर पर पवेलियन भेज कर मेजबान टीम को मुश्किल में डाल दिया। इसके बाद केएल से पहले 5वें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए पंत ने जयसवाल के साथ भारतीय पारी को संभाला, हालांकि लंच से ठीक पहले शादमान ने उनका कैच छोड़ा, नहीं तो भारत की मुश्किलें और बढ़ सकती थीं। दूसरी ओर जयसवाल सतर्क रहे और खराब गेंद को दूर रखा। पंत और जयसवाल ने संभलकर खेलते हुए चौथे विकेट के लिए 62 रन की साझेदारी कर भारत की स्थिति संभालने की कोशिश की। हालांकि 96 के कुल स्कोर पर पंत हसन महमूद का चौथा शिकार बने। एक तरफ से संभलकर खेल रहे यशस्वी जयसवाल ने अपना अर्धशतक पूरा किया। अपना अर्धशतक पूरा करने के बाद जयसवाल 144 के कुल स्कोर पर नाहिद राना का शिकार बने। जयसवाल ने 56 रन बनाए। इसी स्कोर पर केएल राहुल भी 16 रन बनाकर हसन मिराज की गेंद पर आउट हुए। यहां से अश्विन और जडेजा ने कोई और नुकसान नहीं होने दिया और 195 रनों की साझेदारी कर भारत को अच्छी स्थिति में पहुंचा दिया। बांग्लादेश की ओर से हसन महमूद ने 4, मेहदी हसन मिराज और नाहिद राना ने 1-1 विकेट लिया।

# एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद स्वदेश पहुंची भारतीय पुरुष हॉकी टीम, हुआ भव्य स्वागत



**एजेंसी, नई दिल्ली**

हीरो एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 का खिताब जीतने के बाद भारतीय पुरुष हॉकी टीम आज सुबह दिल्ली पहुंची, जहां उनका जोरदार स्वागत किया गया। चीन के हुलुनबुइर में मोकी हॉकी ट्रेनिंग बेस में आयोजित इस टूर्नामेंट में भारत ने प्रतियोगिता के इतिहास में अपना रिकॉर्ड पांचवां खिताब जीता। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर टीम के आगमन पर प्रशंसकों और हॉकी इंडिया के अधिकारियों ने उत्साह के साथ स्वागत किया। दिल्ली पहुंचने पर हरमनप्रीत ने कहा, "यह खिताब हमारे लिए बहुत खास है...यह हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण टूर्नामेंट था... खासकर तब, जब हमारे पास इस टूर्नामेंट की तैयारी के लिए ज्यादा समय नहीं था।" टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, "मुझे लगता है कि यह शानदार है, एशिया में नंबर एक बनना हमेशा से हमारा लक्ष्य रहा है...यह एक अच्छा टूर्नामेंट था..." भारत ने मंगलवार को मेजबान चीन पर 1-0 की रोमांचक जीत के साथ पांचवीं बार पुरुषों की एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी सफलतापूर्वक जीत ली। भारत ने एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी को अपराजित रहते हुए 'फुल्टनबॉल' का जादू जारी रखा। भारत ने इससे पहले 2011, 2016, 2018 और 2023 में खिताब जीते हैं।

# शतरंज ओलंपियाड 2024, राउंड 7: भारतीय पुरुषों ने चीन और महिलाओं ने जॉर्जिया को हराया

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारत ने बुधवार को हंगरी के बुडापेस्ट में एसवाईएमए स्पोर्ट्स एंड कॉन्फ्रेंस सेंटर में शतरंज ओलंपियाड 2024 के ओपन सेक्शन के सातवें राउंड में चिर प्रतिद्वंद्वी चीन को हराया। उभरते हुए स्टार जीएम डी गुकेश ने विश्व के 8वें नंबर के चीन के वेई यी को हराकर भारत के पक्ष में निर्णायक परिणाम हासिल किया। अर्जुन एरिगैसी, आर. प्रज्ञानानंद और पेंटाला हरिकृष्णा चीनी दीवार को भेदने में असमर्थ रहे, इसलिए मैच 2-2 से बराबरी पर आ गया। हालांकि, गुकेश ने सफ़ेद मोहरों से खेलते हुए तब तक दबाव बनाए रखा जब तक कि वेई यी ने आखिरकार हार नहीं मानी और मैच भारत के पक्ष में हो गया। प्रज्ञानानंद और यू यांगयी ने सबसे पहले अपना खेल समाप्त किया, जो ड्रॉ की ओर बढ़ रहा था। अर्जुन, जो 6/6 पर थे, को बू जियांगज़ी ने टूर्नामेंट का पहला ड्रॉ दिया। इससे पहले, चीन ने राउंड से पहले विश्व चैंपियन डिंग लिरेन को आराम देने का फैसला किया, जिससे गुकेश के खिलाफ़ संघर्ष की संभावना समाप्त हो गई। हरिकृष्णा ने काले मोहरों के साथ अपनी भूमिका बखूबी निभाई और अंतिम बोर्ड पर शानदार फॉर्म में चल रहे वांग यू को जीत से वंचित रखा। भारत के पास अब इतने ही राउंड में सात जीत के साथ 14 मैच पॉइंट हैं, ईरान 13 के साथ दूसरे स्थान पर है जबकि उज्बेकिस्तान ओपन सेक्शन में 12 मैच पॉइंट के साथ तीसरे स्थान पर है। महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त भारत ने जॉर्जिया की चुनौती को आसानी से पार कर लिया। हरिका द्रोणावल्ली और दिव्या देशमुख ने मजबूत ड्रॉ बनाए, वहीं वंतिका अग्रवाल और आर. वैशाली ने महत्वपूर्ण समय पर भारत के लिए जीत दर्ज की। महिला वर्ग में भारत (14) दूसरे स्थान पर मौजूद पोलैंड से दो मैच पॉइंट आगे है।

# क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने दलिप समरवीरा पर लगाया प्रतिबंध

**एजेंसी, मेलबर्न**



पूर्व श्रीलंकाई क्रिकेटर दलीप समरवीरा को आचार संहिता के गंभीर उल्लंघन का दोषी पाए जाने के बाद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया या राज्य या क्षेत्रीय संघ (किसी भी डब्ल्यू/बीबीएल टीम सहित) में किसी भी पद पर रहने से 20 साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने गुरुवार को यह जानकारी दी। आचरण आयोग ने पाया कि समरवीरा ने अनुचित व्यवहार किया, जो सीए की आचार संहिता की धारा 2.23 का उल्लंघन था। अनुचित आचरण के आरोप तब लगे जब समरवीरा क्रिकेट विक्टोरिया (सीवी) में मुख्य कोच के पद पर कार्यरत थे, इस पद से उन्होंने इस साल मई में केवल दो सप्ताह सेवा देने के बाद इस्तीफा दे दिया था। क्रिकेट विक्टोरिया के सीईओ निक कमिंस ने समरवीरा के इस्तीफे के समय कहा था, "भर्ती प्रक्रिया के दौरान दलीप ने अपनी सहायता टीम में एक विशिष्ट कोचिंग नियुक्ति करने की इच्छा व्यक्त की थी। हमारी आंतरिक नीतियों के कारण वह नियुक्ति संभव नहीं हो सकी। आगे की बातचीत के बाद, दलीप ने फैसला किया कि वह इस भूमिका में नहीं रहना चाहेंगे।" गुरुवार को एक विज्ञप्ति में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने आगे कहा, "सीए इंटीग्रिटी विभाग, इंटीग्रिटी कोड और नीतियों के तहत उसके पास लाई गई शिकायतों की जांच करता है जो राज्य और क्षेत्रीय संघों पर भी लागू होती हैं। आचरण आयोग सीए इंटीग्रिटी द्वारा उसे भेजे गए मामलों की सुनवाई करता है। सीए और सीवी सभी खिलाड़ियों और कर्मचारियों के लिए एक सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और दुर्व्यवहार के शिकार लोगों का कल्याण सर्वोपरि है।" समरवीरा ने 1993 से 1995 तक के अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में सात टेस्ट और पांच टी20 मैच खेले थे।

## व्यापार

# स्टार्टअप के साथ मिलकर फूड प्रोसेसिंग को बेहतर बनाने की हो रही कोशिश: चिराग पासवान

**एजेंसी, नई दिल्ली**




केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने गुरुवार को राजधानी नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित 'वर्ल्ड फूड इंडिया 2024' के तीसरे संस्करण के उद्घाटन किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में पासवान ने कहा, 'वर्ल्ड फूड इंडिया 2024' मेगा फूड इवेंट के माध्यम से हम कोशिश कर रहे हैं कि न सिर्फ राष्ट्रीय, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर टेक्नोलॉजी, इनोवेशन और स्टार्टअप के साथ मिलकर हम फूड प्रोसेसिंग को बेहतर बना सकें। केंद्रीय मंत्री चिराग ने कहा, "2017 में जब हमने पहला 'वर्ल्ड फूड इंडिया का आयोजन किया था, तब हमारा उद्देश्य प्रोसेसिंग इंडस्ट्री को ग्लोबली प्रमोट करना था। इस सोच के साथ हमने 2017 में इसकी शुरुआत की। लेकिन आज जब हम इसका तीसरा एडिशन लेकर आए हैं, हमारा लक्ष्य है कि प्रोसेसिंग इंडस्ट्री से जुड़े सभी साथियों को आसान व्यापार अवसर मिले और हम उनके साथ सहयोग कर सकें। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री ने कहा कि खाद्य एवं प्रसंस्करण क्षेत्र किसानों को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने और रोजगार सृजन में इस क्षेत्र का बहुत बड़ा योगदान है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योग क्षेत्र को वैश्विक मंच पर ले जाने के उद्देश्य से 'वर्ल्ड फूड इंडिया 2024' के तीसरे संस्करण का आयोजन किया गया है। 'वर्ल्ड फूड इंडिया 2024' के उद्घाटन पर केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा कि खाद्य एवं प्रसंस्करण क्षेत्र की क्षमता को पहचानना एक सराहनीय पहल है। जोशी ने प्रसंस्करण उत्पाद की गुणवत्ता और ब्रांडिंग बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले वर्षों में देश खाद्य एवं प्रसंस्करण क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुएगा। नई दिल्ली में आयोजित चार दिवसीय ये मेगा फूड इवेंट 19 से 22 सितंबर तक चलेगा। इस कार्यक्रम में केंद्रीय रेल राज्य और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू भी मौजूद थे। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय ने भारत मंडपम में मेगा फूड इवेंट 'वर्ल्ड फूड इंडिया 2024' का आयोजन किया है। ये कार्यक्रम राजधानी नई दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम हो रहा है, जो 70 हजार वर्ग मीटर के विशाल क्षेत्र में फैला है। इस वैश्विक आयोजन में 90 से अधिक देश, 26 भारतीय राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेश और 18 केंद्रीय मंत्रालय तथा और संबद्ध सरकारी निकाय भाग ले रहे हैं। जापान इस इवेंट का भागीदार देश है, जबकि वियतनाम और ईरान फोकस देशों के रूप में भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान विषयगत चर्चाओं, राज्य और देश-विशिष्ट सम्मेलनों सहित 40 ज्ञान सत्र आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 को व्यापक बनाने के लिए स्वाद सूत्र नामक एक पाक प्रतियोगिता शुरू की गई है, जिसमें पूरे भारत के क्षेत्रीय व्यंजन पेश किए जाएंगे।

# सर्राफा बाजार में लगातार दूसरे दिन कमजोरी से सस्ता हुआ सोना, चांदी की भी घटी चमक

**एजेंसी, नई दिल्ली**



घरेलू सर्राफा बाजार में गुरुवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट का रुख नजर आ रहा है। इस कमजोरी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 74,870 रुपये से लेकर 74,720 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 68,640 रुपये से लेकर 68,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोने की तरह चांदी के भाव में भी आज गिरावट दर्ज की गई है। कीमत गिरने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में आज चांदी की कीमत 90,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 74,870 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 68,640 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 74,720 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 68,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 74,770 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 68,540 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 74,720 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 68,490 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 74,720 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 68,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर आ गया है।

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 74,870 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 68,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 74,770 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 68,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 74,870 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 68,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में गिरावट आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 74,720 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 68,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# पंजाब में बनेंगे लग्जरी कार कंपनी बीएमडब्ल्यू के पार्ट्स

**एजेंसी, चंडीगढ़**



मॉडर्न ऑटोमोटिव्स लिमिटेड के प्रतिनिधियों ने प्रदेश में निवेश के उद्देश्य से गुरुवार को मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान से मुलाकात की और पंजाब में अपने प्रोजेक्ट का विस्तार करने और लग्जरी कार निर्माता कंपनी बीएमडब्ल्यू के अहम पार्ट्स बनाने की इच्छा जताई है। मॉडर्न ऑटोमोटिव्स लिमिटेड के प्रतिनिधि आदित्य गोयल, सुहेल गोयल और मनीष बग्गा ने मुख्यमंत्री मान से मुलाकात की। बैठक के दौरान उन्होंने बताया कि मॉडर्न ऑटोमोटिव्स देश की पहली कंपनी है, जिसे जर्मनी की लग्जरी कार निर्माता कंपनी बीएमडब्ल्यू ए.जी. म्यूनिख द्वारा पिनियन शाफ्ट की डिलीवरी के लिए मंजूरी प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि 150 करोड़ रुपये की लागत वाले 25 लाख यूनिट्स के लिए ऑर्डर की पुष्टि हो चुकी है। उन्होंने यह भी बताया कि विकास और परीक्षण के लिए सैकड़ों करोड़ रुपये के निवेश वाले मॉडल शामिल किए जाएंगे। यह पूरा काम एक ही स्थान पर होगा, जिससे अतिरिक्त उत्पादन इकाइयां जोड़ी जाएंगी और इससे न केवल और अधिक राजस्व आएगा बल्कि रोजगार के कई अवसर भी पैदा होंगे। उन्होंने बताया कि निवेश कंपनी को भविष्य की योजनाओं के लिए पूर्ण समर्थन और सहयोग का आश्वासन देते हुए मुख्यमंत्री ने अगले महीने प्लांट की नींव रखने के लिए प्रतिनिधिमंडल के निमंत्रण को स्वीकार कर लिया।

# ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत, एशियाई बाजारों में तेजी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

ग्लोबल मार्केट से आज मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान जोरदार तेजी दिखाने के बाद मुनाफा वसूली का शिकार होकर लाल निशान में बंद हुए। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज मजबूती के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार भी पिछले सत्र के दौरान बिकवाली का शिकार हो गए। एशियाई बाजारों में आज आमतौर पर खरीदारी का रुख बना हुआ है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व यूएस फेड द्वारा ब्याज दरों में कटौती करने का ऐलान करने के बाद पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार में जोरदार उछाल आया, लेकिन थोड़ी देर बाद ही मुनाफा वसूली शुरू हो जाने की वजह से वॉल स्ट्रीट के सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.29 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 5,618.26 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 0.31 प्रतिशत की गिरावट के साथ 17,573.30 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल 223.75 अंक यानी 0.54 प्रतिशत की तेजी के साथ 41,726.85 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार के विपरीत यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा। एफटीएसई इंडेक्स 0.68 प्रतिशत की गिरावट के साथ 8,253.68 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

# अमेरिकी फेडरल रिजर्व के फैसले से भारतीय बाजार में तेजी आने की उम्मीद

**एजेंसी, नई दिल्ली**





अमेरिकी फेडरल रिजर्व (यूएस फेड) ने ज्यादातर अर्थशास्त्रियों के अनुमान से आगे बढ़ कर ब्याज दरों में 50 बेसिस पॉइंट्स की कटौती करके वैश्विक अर्थव्यवस्था की हलचल को तेज कर दिया है। अमेरिका में मार्च 2020 के बाद ब्याज दरों में पहली बार हुई कटौती को लेकर अब विशेषज्ञ चिंता भी जाहिर कर रहे हैं। वहीं, कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि ब्याज दरों में हुई कटौती भारत जैसे उभरते बाजारों के लिए बूस्टर साबित हो सकती है। यूएस फेड द्वारा 50 बेसिस प्वाइंट की इस कटौती के साथ ही इंटरेस्ट रेट साइकिल में नरमी आने की उम्मीद बनी है। इससे भारतीय शेयर बाजार में आईटी सेक्टर के साथ ही बैंकिंग और फाइनेंशियल सर्विसेज जैसे सेक्टर्स को सपोर्ट मिल सकता है। इसके साथ ही एफएमसीजी और फार्मास्यूटिकल जैसे सेक्टर के चुनिंदा शेयरों को भी सपोर्ट मिलने की उम्मीद बनी है। यूएस फेड द्वारा ब्याज दरों में की गई 50 बेसिस प्वाइंट की कटौती को लेकर कई विशेषज्ञों का मानना है कि यूएस फेड के इस कदम को अमेरिका में संभावित आर्थिक मंदी को लेकर फेड की बढ़ती आशंकाओं के संकेत के रूप में देखा जा सकता है। मार्केट एक्सपर्ट निलेश जैन का कहना है कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर मंदी का खतरा लगातार मंडरा रहा है। ऐसी स्थिति में अगर ब्याज दरों की कटौती के तत्काल सकारात्मक परिणाम नहीं आए तो हालत काफी बिगड़ सकते हैं। दूसरी ओर, टाटा फाइनेंशियल सर्विसेज के चीफ एनालिस्ट राजीव बग्गा क्या कहना है कि ब्याज दरों में कटौती से उभरते बाजारों में विदेशी निवेश को बढ़ावा मिलेगा।

# आवास सहायकों के साथ बीडीओ ने की समीक्षात्मक बैठक

चा० भूमि बगहा

प्रखंड बगहा एक के कार्यालय प्रकोष्ठ में बीडीओ प्रदीप कुमार ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण को लेकर आवास सहायकों के साथ समीक्षात्मक बैठक किया। बैठक में बीडीओ ने 24 पंचायत के आवास सहायकों से पिछ्ले कार्यों की बारी-बारी विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए उन्हे आवश्यक दिशा निर्देश दिया।बैठक के दौरान सभी आवास सहायक, पर्यवेक्षक, लेखापाल और कार्यपालक सहायकों को सख्त निर्देश दिया है कि शेष बचे प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण को जल्द पूरा करें। उन्होंने कहा कि राशि लेने वाले लाभुकों को घर शत प्रतिशत बनवाने के लिए प्रेरित करें। द्वितीय और तृतीय किस्त को हर हाल में लाभुक के खाते में राशि हस्तांतरित करने का निर्देश दिया है।



बीडीओ ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के वित्तीय वर्ष 2024- 25 में 767 लक्ष्य प्राप्त हुआ हैं।जिसमें 436 लाभार्थियों को प्रथम किश्त की राशि को एफटीओ के माध्यम से स्थांतरित कर दी गई हैं। आवास सहायकों को अवशेष लाभार्थियों का पंजीकरण कार्यों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के अंदर सभी लाभार्थियों के कागजातों को अपडेट करते हुए प्रथम किश्त की राशि भेजना सुनिश्चित करें। मौके पर प्रखंड लेखापाल धर्मेंद्र कुमार, आवास पर्यवेक्षक नितीश कुमार, कार्यपालक सहायक फिरोज आलम, आवास सहायक दिलीप कुमार, अजय कुमार, अनुराग कुमार, गुंजन कुमार, चेतनारायण पटवारी सहित सभी कर्मी थे।

# दौनाहा पंचायत में मत्स्य किसान गोष्ठी का आयोजन

चा० भूमि बगहा

अनुमंडल अंतर्गत गंडक पार स्थित मधुबनी प्रखंड के दौनाहा पंचायत के वार्ड नं 8 दौनाहा में गुरुवार को वार्ड सदस्य पीताम्बर ठाकुर के दरवाजे पर मत्स्य किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल मत्स्य प्रसार पदाधिकारी आशुतोष प्रकाश ने की। कहा कि मत्स्य पालन से मत्स्य कृषकों का समुचित विकास संभव है। उन्होंने कहा कि मत्स्य पालन से जीवन यापन के स्तर में बदलाव होगा। अनुमंडल मत्स्य पदाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री समेकित चौर विकास योजना के तहत किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया है।

मत्स्य प्रसार पदाधिकारी अरुण कुमार यादव एवं कुमुद प्रियदर्शी ने संयुक्त रुप से मत्स्य कृषकों को संबोधित किया। तथा उक्त

**» मत्स्य पालन कर आत्म निर्भर बनेंगे कृषक**

योजना के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की। उन्होंने राहत सह बचत, भ्रमण दर्शन एवं मत्स्य प्रशिक्षण के अलावें मुख्यमंत्री तालाब मत्स्यि्य की विकास योजना के बारे में मत्स्य कृषकों को अवगत कराया। तथा विभिन्न अवयवों व सरकार द्वारा प्रदत्त अनुदान राशि के बारे में विस्तार पूर्वक अवगत कराया। कहा कि जिसके द्वारा प्रखंडाधीन मत्स्य कृषकों का विकास हो, जीवन यापन के स्तर में सुधार हो। इस अवसर पर किसान ध्रुव प्रसाद कुशवाहा, हरेन्द्र कुशवाहा, मुरारी कुशवाहा, पीताम्बर ठाकुर, शेर महमद मियां, लालमन निषाद, तुफानी निषाद, संजय मिश्रा, दुखी निषाद, मनु निषाद समेत दर्जनों की संख्या में लोग कृषक गोष्ठी में शामिल रहे।

# तीन वर्षो से भटकी हुई महिला को मिला अपना परिवर्तन

चा० भूमि मोतिहारी



**» भटकी मानसिक रोग से ग्रस्त महिला -माहेर ममता निवास रहकर हुईं स्वस्थ**

तीन वर्षो से भटकी हुई मानसिक रूप से ग्रस्त महिला को माहेर ममता निवास मे भर्ती किया गया था। यह महिला गोरखपुर से भटक कर रक्सौल आ गई थी जिसे प्रशासन ने माहेर ममता निवास में रखा था जिसके बाद उसका ईलाज डंकन अस्पताल मे कराया गया और वह ठीक हो गई। सूचना के बाद आज उसके परिवार वाले उसका भाई, माँ बेटी एवं ससुर आ कर सही सलामत हरैया थाना प्रभारी सर के समक्ष अपने घर ले गये। तीन वर्षो के बाद मिली महिला को पाकर उनका परिवार काफ़ी ख़ुश था।






# भाजपा युवा मोर्चा के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन

चा० भूमि बगहा

उत्तर प्रदेश व नेपाल सीमा पर स्थित अनुमंडलीय अस्पताल में बगहा भाजपा युवा मोर्चा की तरफ से विधायक राम सिंह व जिला अध्यक्ष श्री भूपेंद्र तिवारी की अध्यक्षता में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें एक दर्जन से अधिक कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया इस शिविर में ब्लड बैंक बेतिया से टीम नेतृत्व दीपक कुमार और उनके टीम के लोगों ने साथ अस्पताल के डॉ. एसपी अग्रवाल, रोशन कुमार, रमेश रंजन आदि मौजूद रहे। यह शिविर प्रभारी उपाधीक्षक डॉ. अशोक कुमार तिवारी मार्गदर्शन पर किया गया। रक्तदान करने वालों में नीतीश कुमार सुजीत सिंह रामप्रीत महतो, सिकंदर यादव, सुरेंद्र यादव, सिद्धार्थ शंकर सिंह समेत अन्य कार्यकर्ताओं ने किया सेवा पखवाड़ा के जिला प्रभारी केशव चौबे, जिला उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी हृदय दुबे सांसद प्रतिनिधि रितु जायसवाल जिला महामंत्री अचिंत कुमार लल्ला,अमित पांडे, नगर अध्यक्ष विजय साहू समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# बगहा उपकारा का हुआ औचक निरीक्षण नहीं मिली संदिग्ध वस्तु

चा० भूमि बगहा

उपकारा का बगहा एसपी सुशांत कुमार सरोज एवं एसडीएम गौरव कुमार ने औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपकारा की स्थिति को सम्मानजनक बताते हुए एसपी ने कहा कि किसी प्रकार कि कोई आपत्तिजनक वस्तुएं अथवा सामग्री बरामद नहीं हुई है।

एसडीएम ने औचक निरीक्षण को रूटीन कार्य बताया। निरीक्षण टीम में सुशांत कुमार सरोज, कुमार देवेन्द्र, निखिल कुमार अँचल निरीक्षक संतोष कुमार पाठक, पुलिस निरीक्षक सह नगर थानाध्यक्ष अनिल कुमार के साथ पुरुष पुलिस बल एवं महिला पुलिस बल शामिल थे। बगहा उपकारा की स्थिति को आला अधिकारियों ने संतोषजनक पाया। एसडीएम ने बताया कि सुबह बगहा उपकारा परिसर में कैदी वार्ड भोजनालय का भी निरीक्षण किया गया और उपकारा परिसर के अंदर सुरक्षा सहित अन्य जानकारियां उपकारा प्रशासन से लिया गया।



एसडीएम ने उपकारा प्रशासन से कहा कि कैदियों को मिलने वाले भोजन ठीक ढंग से दिए जाए। जांच के क्रम में कोई भी आपत्तिजनक सामग्री बरामद नहीं किया गया।






# आवास मद के दो करोड़ का आवंटन सरकार को वापस लौटा

चाणक्य भूमि बेतिया

**महापौर ने कहा गरीबों के आवास की राशि का वापस लौटना नगर निगम के बेघर गरीबों के साथ षड्यंत्र**

नगर निगम के सशक्त स्थायी समिति की बैठक गुरुवार को महापौर गरिमा देवी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जहां सबके लिए आवास योजना के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना के नगर निगम में क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। अभिलेखों के अवलोकन से पाया गया कि इस योजना के लिए कुल 574 गरीब परिवारों का आवेदन सभापति काल में ही स्वीकृत हुए थे। इन आवेदनों में से 139 का वर्षो पूर्व स्वीकृत होने के बाद भी प्रथम किश्त का भी भुगतान नहीं किया गया है। आवेदन स्वीकृति के वर्षों बाद भी गरीब लाभुक परिवारों को प्रथम किस्त का भी भुगतान नहीं करने और इसके लिए प्राप्त राशि सरकार को वापस लौट जाने को ले महापौर श्रीमती सिकारिया आपे से बाहर हो गईं। उन्होंने कहा कि चयनित लाभुक गरीबों को उनका हक देने के बजाय इस मद में प्राप्त दो करोड़ का आवंटन सरकार को लौट जाना नगर आयुक्त शंभू कुमार की भारी अकर्मण्यता का बड़ा प्रमाण है।



उन्होंने कहा कि बीते 26 जुलाई को ही नगर आयुक्त की लापरवाही एवं स्वेक्षाचारिता के कारण प्रधानमंत्री आवास योजना मद में प्राप्त राशि को लौट जाना संपूर्ण नगर निगम के बेघर गरीबों के साथ षड्यंत्र और धोखा है। इसी क्रम में नगर निगम क्षेत्र में विज्ञापन होर्डिंग के लिए प्राधिकृत संवेदक अमित कुमार के द्वारा अब तक अनुमानित दस लाख से भी अधिक की सरकारी राशि की हेराफेरी करार दिया गया। समिति के सदस्य मनोज कुमार, रोहित कुमार सिकारिया, दीपक कुमार ने बताया कि केवल प्रचार वाहनों से करीब दो लाख से ज्यादा की वसूली का साक्ष्य उपलब्ध हुआ है। बावजूद इसके संवेदक द्वारा मात्र 70 हजार की राशि ही निगम कार्यालय में जमा कराया गया है, जबकि एकरारनामा के अनुसार संवेदक को प्रत्येक सप्ताह वसूली गई राशि एवं उसकी विवरणी नगर निगम कार्यालय में जमा करनी है। वही पूरे नगर निगम क्षेत्र में लगे सैकड़ों विज्ञापन होर्डिंग को मिला कर आज तक कम से कम दस लाख से अधिक की देनदारी बनती है। बैठक में समिति के समक्ष बुलाने पर प्रस्तुत संवेदक अमित कुमार ने अगले 5 दिन में कुल वसूली का पूरा पैसा नगर निगम में जमा कराने की

**» 139 स्वीकृत लाभुकों को वर्षों बाद भी प्रथम किश्त का भुगतान नहीं किए जाने पर बिफरी महापौर**

बात कही। तब महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने कहा कि 23 सितंबर दोपहर तक अगर वसूली की पूरी राशि विवरणी के साथ जमा नहीं कराई जाती है तो संवेदक का अनुबंध रद्द कर इसके विरुद्ध सरकारी राशि के गबन के इस आपराधिक कृत्य के लिए एफआईआर के साथ वसूली की राशि के लिए नीलाम पत्र वाद की भी कार्रवाई की जायेगी। इसके साथ ही पूर्व की बैठकों में लिए गए निर्णय के अनुपालन नहीं होने को लेकर सदस्यों द्वारा रोष व्यक्त किया गया। वार्डों की सफाई हेतु आवश्यक उपकरण कुदाल, तगाड़ी, पंजा, गोइंता, झाड़ू, बेलचा, रमा आवश्यकता अनुसार बाजार मूल्य के अंतर्गत लिया जा सकता है।

डेंगू के प्रकोप को देखते हुए पीठ पर रखकर छिड़काव करने वाला बैटरी वाला मशीन सभी वार्डों में एक-एक कुल 50 क्रय का निर्णय हुआ। बैठक में उपनगर आयुक्त गोपाल कुमार, सशक्त स्थायी समिति सदस्य, अधिकारीगण एवं कर्मचारी शामिल रहे।












# लालसरैया के एचएम को छत्तीसगढ़ में मिला सम्मान

चा० भूमि मझौलिया

राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय लालसरैया मझौलिया के प्रधानाध्यापक चन्द्रिका राम को शिखर साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय सम्मान से नवाजे गए। वृंदावन सभा कक्ष शिविल लाईन रायपुर छत्तीसगढ़ से आये प्रमाण पत्र एवं सम्मान मोमेन्टो को बीआरपी योगेंद्र प्रसाद द्वारा एक सम्मान समारोह में प्रदान किया गया। बीआरपी योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि यह प्रखंड शिक्षा जगत के लिए गौरव की बात है।जिससे सबको प्रेरणा लेनी चाहिए।

प्रधानाध्यापक चन्द्रिका राम ने कहा कि सम्मान और प्रशस्ति पत्र से अलंकृत होना मेरे लिए गौरव की बात है।उन्होंने सबके प्रति आभार जताते हुए धन्यवाद दिया।



इस अवसर पर राजन कुमार, जितेन्द्र त्रिपाठी, सुजीत कुमार, बालदेव प्रसाद, अलिसा कुमारी, साहिल राजा, लालबाबू कुमार साह, विजय कुमार, रवि कुमार, सरोज देवी आदि शिक्षक उपस्थित थे। बताते चलें कि प्रधानाध्यापक चन्द्रिका राम को यह राष्ट्रीय सम्मान हिंदी सेवा,भाषा, साहित्य अनुवाद क्षेत्र तथा भारतीय संस्कृति के प्रति उत्कृष्ट सेवा भाव के लिए प्रदान किया गया है।

# प्रेम कुमार को मिला ग्लोबल स्टार्स अवार्ड 2024

चा० भूमिसम्वाद सूत्र पटना

भारत की अग्रणी संवाद एजेंसी यूनाईटेड न्यूज ऑफ इंडिया के उप संपादक प्रेम कुमार को ग्लोबल स्टार्स अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया। राजधानी पटना के शंग्री-ला पैलेस में ग्लोबल स्टार्स अवार्ड 2024 के साथ इंडो-नेपाल सांस्कृतिक महोत्सव और अंतर्राष्ट्रीय किड्स फैशन शो का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए प्रेम कुमार को ग्लोबल स्टार्स अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया। प्रेम कुमार को यह सम्मान बॉलीवुड की सुप्रसिद्ध अभिनेत्री पूनम ढ़िल्लो के द्वारा दिया गया। प्रेम कुमार ने ग्लोबल स्टार्स अवार्ड 2024 मिलने पर अपनी खुशी जाहिर की और



इसके लिए नरुलाज एंड कंपनी की संस्थापक, निदेशक और कार्यक्रम की आयोजक शिखा नरूला के प्रति आभार व्यक्त किया है, साथ ही उन्होंने कहा ग्लोबल स्टार्स अवार्ड 2024 मिलना मेरे लिए गौरव की बात है।

प्रेम कुमार करीब दो दशक से यूनीवार्ता के लिए फिल्म, मनोरंजन, कला एंव संस्कृति से जुड़ी खबरें लिख रहे हैं। आगे बता दे की प्रेम कुमार को उनके अब तक के करियर के दौरान कई सम्मान भी मिलें है।












स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714